CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 17°C
सेंसेक्स 76,295.36
निफ्टी 23,250.10
सोना 93,110
चांदी 1,03,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 5 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान संभालेंगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ बिल राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। इस पर दोपहर एक बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



**■ नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश**

## भाजपा के हमले का आक्रामक जवाब जरूरी: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों के मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।

## राहुल का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के चार हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घुस आया है, लेकिन हमारे राजदूत चीन के नेताओं के साथ केक काटते देखे गए हैं।

श्री गांधी ने लोकसभा में शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किया कि चीन द्वारा कब्जाई जमीन को वापस लेने के लिए वह क्या कर रही है? मैं इस बात को लेकर बहुत हैरान हूं कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा किए बैठा है और हमारे विदेश सचिव चीन के राजदूत के साथ कुछ समय पहले केक काटते देखे गए। हमारे जवान शहीद हुए थे, उनकी शहादत का जश्न मनाया जा रहा है, केक काटकर। हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सामान्य स्थिति से पहले हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि वह विदेश नीति के मामले में न तो बाएं झुकेंगी और न ही दाएं झुकेंगी, वह भारतीय हैं, वह सीधी खड़ी होंगी। हम सब इतिहास जानते हैं, जब भाजपा और आरएसएस से ऐसा ही सवाल पूछा जाएगा, तो वे सामने वाले के आगे सिर झुका लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सहयोगी (अमेरिका) ने अचानक हमारे ऊपर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

**■ कहा: चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है, सरकार क्या कर रही है**

# ट्रम्प टैरिफ युद्ध: भारत को 26 और चीन को 34% का झटका

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया पर चलाया टैरिफ का चाबुक

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने इसे डिस्काउंटेड करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं, जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से आयात पर 20 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, ब्राजील पर 10 प्रतिशत, बंगलादेश पर 37 प्रतिशत, सिंगापुर पर 10 प्रतिशत, इजराइल पर 17 प्रतिशत, फिलिपींस पर 17 प्रतिशत, चिली पर 10 प्रतिशत, -शेष पृष्ठ दो पर




**■ ट्रम्प ने कहा: भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे**

**■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना दोस्त**

## अमेरिका की प्रशुल्क-कार्रवाई के असर, अवसर की जांच कर रहा भारत: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावों की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है, ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो। विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायों/घोषणाओं के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है।

## दिल्ली में पटाखा बैन पर ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है, सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश जैन ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट 1985 में दायर एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

## संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ संपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी**

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। याद रहे कि 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी।

### मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार हथियार बरामद

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लारेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

### लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर टै 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्की के दियारबकिर एयरपोर्ट पर विमान लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

### फर्जी कॉल करने वाले शख्स को दो साल का कारावास

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फर्जी कॉल करने के जुर्म में एक शख्स को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा होने की चेतावनी दी गई थी। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए सबूतों से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने मुख्य नियंत्रण कक्ष को धमकी देकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की। आरोपी कामरान खान (29) ने 20 नवम्बर 2023 को पुलिस नियंत्रण कक्ष में यह कॉल किया था। अदालत ने आरोपी कामरान खान को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया।

## चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है।

श्री सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी।

**■ कहा: वर्तमान दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है**

## अनिल अंबानी पर 25000 का जुर्माना

मुंबई, वार्ता

**■ हाईकोर्ट ने अंबानी के वकील को कड़ी फटकार लगाई**

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर अप्रैल 2022 में आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक वकील ने यहां यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति महेश एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र एस. जैन की पीठ ने हाल ही में अंबानी के वकील गुंजन कक्कड़ को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि श्री अंबानी के वकील ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए अब लिखित अनुरोध किया है, जबकि नोटिस 12 अप्रैल, 2022 को जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल प्रसारित करने या सुनवाई की सुविधा 'ऐसी कृत्रिम तात्कालिकता पैदा करके लागू नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, अदालत में कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसे लेकर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में उस समय याचिका दायर की है, जब 31 मार्च, 2025 तक मूल्यांकन की समय सीमा समाप्त होने की संभावना है।

# 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ममता को बड़ा झटका**



**■ सुप्रीम कोर्ट बोला: सिलेक्शन प्रोसेस गलत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में एसएससी ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है।

## व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं: ममता बनर्जी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ देर बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया। ममता ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या विपक्षी भाजपा और सीपीएम चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में, मेरे पास हर अधिकार है और मैं जजों के प्रति सम्मान के साथ इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मैं मानवीय दृष्टिकोण से अपनी राय व्यक्त कर रही हूं। गलत सूचना न दें या भ्रम पैदा न करें। सरकार फैसले को स्वीकार करती है। स्कूल सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए कहा है।

खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाएे



निःसंतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें
डा. शाइस्ता अंसारी
Mob. 9897147171
Follow us on : facebook, You tube, insta, whatsup
सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# डीआईओएस से मिला प्रतिनिधिमंडल

## पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों को शीघ्र मिले जीपीएफ खाता : गय्यूर आसिफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में आज जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव से उनके कार्यालय में मिला।

प्रतिनिधि मंडल में पदाधिकारियों के साथ जनपद के ऐसे शिक्षक सम्मिलित रहे जिन्हें वर्तमान में सरकार ने पुरानी पेंशन से लाभान्वित किया है। यह वो शिक्षक हैं जिनके पद का विज्ञापन 1 अप्रैल 2005 से पूर्व हो चुका था किंतु उनकी नियुक्ति उक्त तिथि के बाद हुई थी। शासन के द्वारा ऐसी शिक्षकों की सूची जारी करने के कई माह के उपरांत भी इन शिक्षकों को जीपीएफ खाता संख्या जारी नहीं किया गया है। इसी विषय में आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीआईओएस से भेंट की तथा शीघ्र ही जनपद के ऐसे सभी शिक्षकों को जीपीएफ खाता संख्या जारी करने का अनुरोध किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव ने आश्वासन दिया कि जिन शिक्षकों के नाम आदि में कुछ त्रुटि है उसको संशोधित करने के बाद शीघ्र ही सभी ऐसे शिक्षकों को जीएफ संख्या आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त एनपीएस की कटौती को सुचारु करने, शिक्षकों के अंश का खाते में सही आहरण तथा एनपीएस से आच्छादित कुछ शिक्षकों को किट आवंटन के विषय में भी जिला विद्यालय निरीक्षक से शिक्षकों ने वार्ता की और उन्होंने शीघ्र ही समस्त प्रकरणों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री विनोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मयूर मलिक, जिला उपाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, रोहिताश सिंह, केशव शरण, राजेंद्र सोलंकी, विपिन चौधरी, कुलबीर सिंह, जगदीश शाह, डॉ. हरीश राजपूत, विकास कुमार, विनोद यादव, योगेंद्र त्यागी, बालमुकुंद, उमराव सिंह, राजीव चौहान सहित बहुत से शिक्षक सम्मिलित रहे।

# सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर सही करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** विकास खंड किरतपुर के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं की संख्या नाम मात्र है। जबकि सरकारी स्कूलों पर सरकार अच्छा खासा रुपया खर्च कर रही है और पढ़ाई का स्तर जीरो बटा जीरो है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बच्चे इन्हीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगे तो हो सकता है, इन स्कूलों की पढ़ाई का स्तर सही हो जाए।

अभिभावकों के अनुसार बताया गया है कि वो अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेज कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना तो चाहते है लेकिन वहां की पढ़ाई का स्तर जीरो बटा जीरो है। वहां भेज कर अपने बच्चों का मुस्तकबिल खराब करने के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों, अध्यापकों के बच्चे तो बड़े बड़े महंगे स्कूलों में पढ़ रहे है। इसलिए उनको कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे पढ़ाई हो या न हो। अगर इन लोगों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगे तो खुद ब खुद पढ़ाई का स्तर ठीक हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि जब सरकार शिक्षा के प्रति इतनी फिक्रमंद है और बहुत मोटा पैसा खर्च कर रही है तो सरकारी स्कूलों के पढ़ाई के स्तर की जांच होनी चाहिए। अभिभावकों ने बताया कि शिक्षा के प्रति जागरूकता करने के लिए रैलियां निकाली जा रही है और योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है तो ऐसी क्या बात है जो बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने को तैयार नहीं, यह एक सोचनीय प्रश्न है? एक तो सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ते नहीं और जो पढ़ते है वो खुद को कमतर समझते है। आखिर क्यों सुधार नहीं होता सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर। गरीबों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में जाए तो पैसे नहीं और सरकारी स्कूल में जाए तो कोई मुस्तकबिल नहीं, आखिर जाए तो जाए कहां?

जिलाधिकारी को इस ओर ध्यान देकर पढ़ाई के स्तर को सही करना चाहिए।

## एक नजर

### डॉ. सीजर का महानिर्वाण दिवस मनाया



**नजीबाबाद।** इलैक्ट्रो होम्योपैथी मेडीकल एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में इलैक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी का महानिर्वाण दिवस बड़ी सादगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सभी डॉक्टर्स ने भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। इस दुख के अवसर डॉ. जुनैद अंसारी, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. शादाब अहमद, डॉ. हुमा, डॉ. अहसान उस्मानी, डॉ. फैज खान आदि मौजूद रहे।

### खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अरविंद कुमार सिंह ने जानक. ारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर में जिला खरीद अधिकारी के पर्यवेक्षण में खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में केंद्रीय कृत प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत निर्गत गेहूं क्रय नीति के अनुसार गेहूं खरीद कार्य के अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए जिला स्तर पर जिला खरीद अधिकारी के पर्यवेक्षण में एक खरीद नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि उक्त निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी बिजनौर में खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना करते हुए कर्मचारियों को भी नामित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गेहूं नियंत्रण कक्ष कार्य दिवसों में कार्यालय समय में सक्रिय रहेगा तथा अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रात: 10 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा। उन्होंने तैनात किए गए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गेहूं क्रय के संबंध में कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्परता के साथ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम कक्ष की ईमेल आईडी dfmobjr11@gmail.com है।

### ऑल इंडिया क्रिकेट का शुभारंभ आज

**स्योहारा।** सहसपुर में एम. रहमान मैमोरियल ऑल इंडिया क्रिकेट का शुभारंभ कल (आज) किया जायेगा। एम. रहमान इंटर कालेज के प्रबंधक मौ. सलीम अख्तर ने बताया कि शुक्रवार से तीन दिवसीय ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एम.रहमान मैमोरियल क्लब के तत्वाधान में हो रहा है, जिसमें कई राज्यों के टीमें हिस्सा ले रही है। फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी विराट कोहली के कोच राज कुमार शर्मा मुख्य अतिथि सहित अनेक लोग वरिष्ठ अतिथि होगें।

### होली फैमिली में विद्यारंभ संस्कार

**नजीबाबाद।** होली फैमिली कन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विद्यारंभ संस्कार और साथ ही पार्क का उद्घाटन भी किया गया। विद्यारंभ की कलम के साथ-साथ पौधे भी दिए गए। होली फैमिली कन्वेंट स्कूल स्वच्छ वातावरण अभियान शुरू करने की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव कर रहा है। यह विद्यालय के बच्चों में पर्यावरणीय समझ के लिए आलेख की गई एक गतिशील पहल है। होली फैमिली कन्वेंट स्कूल का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण चेतना और स्थाई व्यवहार को जागृत करना है। इस विद्यालय ने बड़ी मजबूती के साथ अपना कदम बढ़ाया है और विद्यालय में एक हरे भरे पार्क का निर्माण कराया है। आज पार्क का उद्घाटन आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसका उद्देश्य बालकों में पर्यावरण सुरक्षा और पौधा रोपण के साथ-साथ उसकी देखभाल कैसे की जाती है उसको बताया गया। साथ ही विद्यालय में विद्यारंभ की कलम के साथ-साथ पौधे भी दिए गए हैं। जो की सामाजिक दृष्टिकोण की ओर से एक सफल पहल है विद्यालय में लगभग 2000 छात्र है और यदि वह छात्र एक पौधा भी लगाता हैं, तो हमारे पास 2000 पौधे इकट्ठे हो जाएंगे, जो की आने वाले समय में सभी को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखेंगे। इस आयोजन में पधारे विशिष्ट अतिथि फादर शीबू जो कि प्रेम धाम आश्रम से है उनका कहना है कि पेड़ पौधों को लगाने से धरती मां को प्रदूषित करने से बचाया जा सकता है। एक पौधा लगाने से हम स्वस्थ, समृद्ध और बुद्धिमान बन सकते हैं। वह आगे कहते हैं कि पेड़ लगाओ और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बनाओ। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर रोजलीन जॉर्स का कहना है कि पेड़ पौधों को यदि हम बच्चों की तरह पालते हैं। तो वह हमें फल फूल और जीवन दान देते हैं, क्योंकि बिना पेड़ ऑक्सीजन लेना कठिन है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शीजा बास्टिन ने बताया कि विद्यालय के बगीचे में बच्चों के लिए मनमोहन झूले, खिलौने और अनेक प्रकार के फूल है।

### नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत

**नजीबाबाद।** उच्च प्राथमिक विद्यालय महावतपुर बिल्लौंच में कक्षा 6 में नव प्रवेशित बच्चों का खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने तिलक कर स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा एक उज्जवल भविष्य की कुंजी है। हमारे द्वारा बच्चों का स्वागत किया जाना आवश्यक है। रंगोली चंदन से तिलक किए जाने से बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ है। तिलक सम्मान शुभता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। रंगोली चंदन से तिलक करना एक सांकेतिक संदेश था कि शिक्षा पवित्र और श्रेष्ठ मार्ग है जिस पर चलकर बच्चे अपने जीवन को संवार सकते हैं। प्रधानाध्यापक आबिद रशीद ने अभिभावकों एवं ग्राम वासियों को विद्यालय की उपलब्धियां के विषय में बताते हुए कहा कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, विज्ञान लैब, स्पोर्ट्स का सामान, बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर तथा शिक्षण स्टाफ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आबिद रशीद ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों का प्रवेश उनके विद्यालय में अवश्य कराये। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा बिल्कुल नि:शुल्क है पाठ्य पुस्तके नि:शुल्क दी जाती हैं। डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए की धनराशि अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है। विद्यालय में मिड डे मील दिया जाता है। इस अवसर पर शिक्षिका सुमन वर्मा, शिव शुक्ला, ग्रामवासी योगेश, अशोक, रूमा, बबीता, बाला, नरेंद्र, संदीप, सोनू आदि मौजूद रहे।

# जीआईसी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम एनसीपीसी फोट पीएनडीटी 1994 विषय पर एक विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जीआईसी में आयोजित किया गया।

पैरा विधिक वॉलियन्टर जयवीर सिंह सिसौदिया ने इस कानून की जानकारी देते हुए कहा कि इस अधिनियम के तहत प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण और लिंग चयन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। जिसमें लिंगानुपात में गिरावट को रोका जा सके। अल्ट्रासान्ड या अल्ट्रसोनोग्राफी कराने वाले जोडे या डाक्टर, लैब कर्मी को 5 साल की सजा के साथ 50000 रूपए जुर्माने का प्रावधान है। बालिकाओं को सुरक्षित करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बनाई गई है। पुलिस इंस्पेक्टर रीता कुमारी ने महिलाओं को हेल्प लाइन व मिशन शक्ति फेज-5 के सम्बन्ध में जानकारी दी।

शिविर में प्रधानाचार्य व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। शित्वा शर्मा, राजीव कुमार, अनिल आदि का सहयोग रहा। एश्वर्य चौधरी, मीनू सिसोदिया ने भी विचार व्यक्त किए।

# हमें इस जमाने ने गम ही पिलाया...

## भारतीय नववर्ष के अवसर पर गोष्ठी में कवियों ने बिखेरे इन्द्रधनुषी रंग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय नववर्ष के अवसर पर संस्कार भारती बिजनौर द्वारा एक कवि गोष्ठी का आयोजन स्थानीय जैन धर्मशाला के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. दिग्विजय चौधरी ने तथा संचालन दीप अंजुम ने किया।

डॉ. अशोक शर्मा द्वारा मां शारदे की सुन्दर वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद कवियों ने गोष्ठी में गीत, गजल, दोहों, कविता, मुक्तक आदि के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे। डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि 'छोड़कर जब इस धरा को, फुर्र हम हो जायेंगे, लाल तुम हमको पुकारों, फिर न वापस आयेंगे।' ओमप्रकाश परमार ने दोहे सुनाए-अज्ञानता, असमानता, लोलुपता भी साथ, पराधीनता में सदा, इस तिकड़ी का हाथ। नरेन्द्र शिखर ने कहा कि हमें इस जमाने ने गम ही पिलाया, ये तल्खी अचानक तो आई नहीं है। वहीं डॉ. अजय राणा ने 'शीशे को नहीं चेहरे की तू धूल साफ कर, रंगों का चयन होता है खतरों का भांपकर', गीत सुनाया।

दीप अंजुम ने ग़ज़ल पढ़ते हुए कहा-हां जी हम लफ्ज हैं, आवाज भी हैं, क्या पता किसको कब अखर जायें, बहते पानी से तुम निकल जाओ, वक्त की तरह हम गुजर जायें।' विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल चौधरी ने 'ख्वाब क्या था, एक मंजर था सुहाना दोस्तों, वो सिरहाने गांव, पनघट और पीपल रख गया', ग़ज़ल सुनाई। हुक्का बिजनौरी ने अपनी व्यंग्य रचनाओं से गोष्ठी का माहौल हल्का कर दिया।

इनके अतिरिक्त अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय चौधरी ने कविताएं सुनाई, मनोरंजन शर्मा, निकेश तन्हां आदि ने भी सुन्दर काव्य पाठ किया।

# डीआरएम मुरादाबाद ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**नजीबाबाद।** डीआरएम मुरादाबाद ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर प्लेटफार्म, विश्राम गृह के अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का जायजा किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीआरएम ने स्टेशन पर उपलब्ध आवश्यक यात्री सुविधाओं, संरक्षा उपकरणों एवं संचालन व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की। बुधवार को डीआरएम मुरादबाद राजकुमार सिंह स्पेशल कोच से नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन पर अमृतभारत योजना के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण के दौरान आवश्यकता पड़ने पर बुकिंग विंडो को अन्यत्र शिफ्ट करने या निर्बाध रूप से व्यवस्था संचालित करने पर विचार विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म व परिसर के बाहर का भी जायजा लिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर आने जाने वालो की असुविधा को देखते हुए रास्ते में ई रिक्शा हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध आवश्यक यात्री सुविधाओं, संरक्षा उपकरणों एवं संचालन व्यवस्था की बारीकी से जांच की। इस मौके पर पीडब्ल्यूआई पंकज शर्मा, सीएमआई आरके मीणा, स्टेशन अधीक्षक आरडी मीणा, सीबीएस विश्वास कुमार, सीआईटी संतोष अरोडा आदि मौजूद रहे।

# आरजेपी में एनसीसी कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट का वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में एनसीसी 30 यूपी बटालियन द्वारा वर्ष 2024-25 के सी सर्टिफिकेट का कैडेट्स को वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रमाण पत्रों का वितरण समारोह के मुख्य अतिथि 30 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश शर्मा ने कैडिटों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी का जीवन में बहुत महत्व है, जो हमें राष्ट्र पर समर्पित रहने की शिक्षा प्रदान करती है। हमारे व्यक्तिगत जीवन में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम वर्क और देश सेवा की भावना का विकास होता है, साथ ही सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में भी वरीयता मिलती है। सूबेदार मेजर जगत सिंह नेगी ने कहा कि एनसीसी हमें जीने की कला सिखाती है। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश एवं सूबेदार जगत सिंह नेगी को बुकें देकर स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नायब सूबेदार राजविंदर सिंह, बीएचएम संदीप सिंह, हवलदार प्रशांत कुमार, विक्रम, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अनूप उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, चीफ ऑफिसर सुभाष बाबू राजपूत, जिला विज्ञान सुधांशु वत्स, सुधीर कुमार राजपूत, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, करणवीर सिंह, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मनोवैज्ञानिक समस्याओं एवं करियर विषय पर कार्यक्रम

**नकारात्मक सोच से उत्पन्न होती है मानसिक परेशानियां**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श समिति के तत्वावधान में मनोवैज्ञानिक समस्याओं एवं करियर के विषय में मार्गदर्शन हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं से मेंटरिंग एवं करियर काउंसलिंग के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के अनुभवी एवं कर्मठ शिक्षक व शिक्षिकाएं आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन कक्षाएं एवं इंग्लिश स्पीकिंग क्लास चलाई जा रही है। मनोवैज्ञानिक परामर्श पर प्रोफेसर अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक विकारों की शुरुआत भय से होती है। फिर वह चिंता, ईर्ष्या, क्रोध और अंत में डिप्रेशन में बदल जाती है।

उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत मानसिक परेशानियां हमारी नकारात्मक सोच से उत्पन्न होती है, जो बाद में शारीरिक बीमारियों और डिप्रेशन को जन्म देती है। अच्छी और सकारात्मक सोच के द्वारा हम मानसिक बीमारियों को कम कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अखिलेश ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ. जैनुल आबेदीन, डॉ. विना. द कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. कुलदीप, आस मौहम्मद, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, डॉ. अमित कुमार पुंडीर, रामविलास यादव, डॉ. देवेश कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. उदिता राजपूत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ट्रम्प टैरिफ:....**

ऑस्ट्रेलिया पर 10 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, तुर्की पर 10 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और कोलंबिया पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये शुल्क सभी उत्पादों पर लगाए गए 10 प्रतिशत आधार आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह कदम उन देशों के खिलाफ लिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नीतियों का अनुचित लाभ उठाया। श्री ट्रम्प ने घोषणा की दो अप्रैल हमेशा के लिए 'लिबरेशन डे' के रूप में जाना जाएगा, जब अमेरिका ने अपने उद्योग को फिर से हासिल किया। हम उन देशों पर वही शुल्क लगाएंगे जो वे हम पर लगाते हैं - रेसिप्रोकल का मतलब है कि जैसा वे करते हैं, वैसा ही हम भी करेंगे। यह इतना ही सीधा है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम इस कदम से अपने रोजगार वापस हासिल करेंगे, अपने उद्योग को फिर से बनाएंगे, अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायों को सशक्त बनाएंगे और हम अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाएंगे। अब अमेरिका में नौकरियां तेजी से आएंगी। व्हाइट हाउस ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' के कारण लिया गया है, जो लगातार व्यापार घाटे के चलते सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न हुआ है। सभी उत्पादों पर 10 प्रतिशत का 'आधार' शुल्क पांच अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 12:01 बजे (भारतीय समयानुसार 9:30 बजे) से लागू होगा जबकि देश-विशिष्ट उच्च शुल्क नौ अप्रैल को उसी समय से लागू होंगे।

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



**राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है**

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की।

धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लो. कतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन- बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है, जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह खड़ी है 'हमारा अटल ध्रुव तारा' जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थाई निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधाई निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।

## भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए: राजा वारिंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने गुरुवार को लोक सभा में शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। समाजवादी पार्टी की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेंगी, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अनुराग ठाकुर ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिलने का मामला उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**चैत्रीय नवरात्र**

**सप्तम कालरात्रि**



दुर्गा जी का सातवां स्वरूप कालरात्रि है। इनका रंग काला होने के कारण ही इन्हें कालरात्रि कहते हैं। असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से इन्हें उत्पन्न किया था। इनकी पूजा शुभ फलदायी होने के कारण इन्हें 'शुभंकारी' भी कहते हैं। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी के प्रसिद्ध नामों में हैं।



**डॉ. मनोज वर्मा**
**वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम**
**स्योहारा ( बिजनौर )**

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता का जोरदार स्वागत

## पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगी, कार्यकर्ताओं में जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह एवं शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग का आज जनपद मुख्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि वह सभी कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते हुए आपसी तालमेल के साथ पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती की पुत्रवधू एवं कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह काफिले के साथ आज जनपद मुख्यालय पर पहुंची। बैराज पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उनका काफिला नुमाइश ग्राउण्ड पर पहुंचा। वहां पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर मौजूद महापुरुषों की प्रतिमाओं पर उनके द्वारा माल्यार्पण किया गया। मौहल्ला बुखारा स्थित संत रविदास मंदिर पर भी उनके द्वारा माल्यार्पण किया गया। उन्होंने पूर्व एमएलसी स्व. नसीव पठान की कब्र पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद





उनका काफिला रोडवेज बस स्टैण्ड के समीप स्थित पार्टी कार्यालय पर पहुंचा। वहां पर जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व मंत्री ओमवती, पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह एवं नवनियुक्त शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग का स्वागत किया गया। उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई। जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उसे ईमानदारी के साथ पूरा करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में जो आज माहौल है, वह किसी से छीपा हुआ नहीं है। कांग्रेस ईमानदारी के साथ दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, गरीबों व मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को जनपद में मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्ग दर्शन का सम्मान करते हुए हमें पार्टी को एक बार फिर सफलता के शिखर पर ले जाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिद्धांतवादी पार्टी है। कांग्रेस में सत्ता की खातिर कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने कहा कि वह पूरा सहयोग देंगे। अन्य नेताओं ने भी एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत करने का वादा किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सुधीर पाराशर, डॉ. धर्मवीर, नजाकत अलवी, वसीम अकरम, अफजल कुरैशी, जिला प्रवक्ता चितवन शर्मा, अनिस विशाल, नीरज चौधरी, विक्रम सिंह, नजाकत अली कम्भौर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा।

### अफजलगढ़ में चोर कुलदीप गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने थाना जसपुर के ग्राम पतरामपुर निवासी शातिर चोर कुलदीप पुत्र करतार सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किया गया सामान एवं वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी बरामद कर ली गई है। ग्राम सिरवासुचंद निवासी टिकेन्द्र पुत्र हुकुम सिंह ने उसके खेत से सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## चरस के साथ पकड़े गए आरोपी को 2 साल की कैद

**नगीना।** थाना चांदपुर निवासी नदीम उर्फ नईम को न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी करार दिया है। नगीना पुलिस ने आरोपी को 500 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया था। थाना नगीना में इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 384/2021 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। एडीजे कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाया। आरोपी नदीम उर्फ नईम को दो साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही उस पर 5000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

**एक नजर**

### डीएम ने किया हैलीपैड स्थल का निरीक्षण



**कालागढ़।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भिक्कावाला के सेंट मेरीस इण्टर मीडिएट कॉलेज में बनाए जा रहे हैलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हैलीपैड के लिए हटाने वाले खेल उपकरणों को बाद में पुनः स्थापित करने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी का काफिला कालागढ़ के रामगंगा भवन में पहुंचा। जहां अधिकारियों से विचार विमर्श किया गया। उसके बाद आवासीय पुनर्वास स्थल केन्द्रीय कालोनी का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव का दौरा बांध परियोजना के नैनीताल हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमें के मामले से सम्बंधित है। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के अधिकारियों से बैठक की जाएगी। इस दौरान बांध परियोजना के रामगंगा बांध, शिविर प्रबंध खंड, लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद, सिंचाई विभाग धामपुर पूर्ण वोरा, एसडीएम रितु रानी, लोक निर्माण विभाग के ईई एसके सारस्वत, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार त्यागी, अधिशासी अभियंता ब्रिजेश कुमार, राकेश शर्मा व अधीनस्थ अधिकारी व सेंट मेरीस स्कूल के प्रबंधक फादर एंटनी, प्रधानाचार्या षिजिमौल पुत्तेशेरी आदि मौजूद रहे।

## अच्छी सफाई व्यवस्था के लिए किया सम्मानित

### नगर पालिका टीम का पगड़ी पहना कर जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पवित्र रमजान के बाद ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर नगीना के सराय वार्ड नम्बर 17 क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला मनिहारी सराय व शेख के सभासद पति जहीर पहलवान ने मौहल्ला मनिहारी सराय के बारात घर में प्रोग्राम आयोजित कर मनिहार बिरादरी के जिम्मेदार लोगों द्वारा नगर पालिका टीम की सफाई व्यवस्था को देखते हुए जोरदार स्वागत माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर किया।



इस मौके पर चेयरपर्सन पुत्र शेख शहराज खलील, अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा का स्वागत किया गया व सफाई नायकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर हाफिज रफीक अहमद, पूर्व सभासद जाकिर अहमद, सभासद पति सिद्दीक मुलतानी, यासर अहमद, इरफान सिद्दीकी, इरशाद अहमद, रफीक अहमद, जुबैर अहमद, तय्यब अहमद, मुकर्रम अहमद, मास्टर तसलीम, शाकिर एड., मौहम्मद नबी, मौहम्मद खुर्शीद आदि लोग मौजूद रहे।

## युवती के अपहरण के आरोप में साहिल, सुहेल व नवाजिश को सजा

### गैंगरेप व पोक्सो एक्ट के आरोपों से बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट ने नूरपुर के साहिल, सुहेल व नवाजिश को युवती के अपहरण के मामले में दो-दो वर्ष का कारावास एवं तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पांच अगस्त 2023 को वादी ने थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि ग्राम कन्हेड़ी निवासी साहिल पुत्र जुल्फकार, सुहेल पुत्र रोनक रजा, नवाजिश पुत्र मोहरम अली ने उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया। इस संबंध में थाना नूरपुर में धारा 363 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने गैंगरेप की धारा 376 डी (ए) आईपीसी व 4 (2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की थी। नूरपुर पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने आज फैसला सुनाते हुए अपहरण की धारा 363 में साहिल, सुहेल व नवाजिश को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को गैंगरेप की धारा 376 डी (ए) आईपीसी एवं 4 (2) पोक्सो एक्ट से दोष मुक्त कर दिया।

### कन्या पाठशाला का परीक्षाफल घोषित



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला पुराना कुआं कन्या पाठशाला द्वितीय प्राथमिक स्कूल में प्रधान अध्यापिका अमीना परवीन ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए ग्राम प्रधान फरहाना परवीन के पति अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद अहमद फरीदी ने कक्षा पांच में सानिया परवीन, सारिका, शिफा, कक्षा चार में राखी, खुशनुमा, महक, कक्षा तीन में जारा आलम, आफिया, जिया, मेघा, कक्षा दो में आलिया शान, कक्षा एक में सुहाना, इशान, निशा, जीनत ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने पर मुख्य अतिथि हाजी शमशाद फरीदी ने सभी बच्चों को अपने हाथों से शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी मां बाप अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजे। सरकार गरीब बच्चों की पढ़ाई पर खूब खर्चा कर रही है। इसलिए मां बाप एक वक्त का खाना न खाएं, मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ायें। ताकि आप लोगों के बच्चे पढ़ लिखकर इंजीनियर, आईपीएस अधिकारी, डॉक्टर बन सकें। आज कल अनपढ़ आदमी दुनिया में ऐसा है जैसा कि उसके जिस्म का हाथ टूट गया हो। इसलिए सरकार स्कूल चलो अभियान चला रही है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अमीना परवीन, शिक्षक रजत रस्तौगी, शिक्षिका ललिता रानी, दीपा गोयल, सतलेश कुमारी, शमा परवीन आदि मौजूद रहे।

### सकुशल मिला लापता बच्चा



**हल्दौर।** हल्दौर के मोहल्ला सराय निवासी फरमान की पोखर बाजार में परचून की दुकान है। गुरुवार को उसका चार वर्षीय पुत्र अजहान घर के बाहर खेलते हुए रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरु की। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में अजहान घर की ओर गलियों में आता हुआ दिखाई दे रहा है। परन्तु बच्चा घर नहीं पहुंचा। बच्चे के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। देर शाम वहां से गुजर रहे कुछ लोगों को ईदगाह मार्ग पर बच्चा खड़ा होने पर मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों व पुलिस को बच्चा सकुशल देख राहत की सांस ली। बच्चा काफी डरा व सहमा हुआ है। पुलिस ने बच्चे को परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह ने कहा कि बच्चा सुरक्षित है और वह डरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शेख शाहनवाज खलील ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शाहनवाज खलील ने उपसरपंच चाय (गुड़ की चाय) का फीता काटकर उद्घाटन किया।

आज सायं चार बजे मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर अपने समर्थकों के साथ स्थानीय रायपुर रोड, निकट नगीना पार्क पर पहुंचे, जहां उन्होंने उपसरपंच चाय (गुड़ की चाय) का फीता काट कर उद्घाटन किया। उपसरपंच चाय के स्वामी सलीम अंसारी, जावेद अंसारी ने उद्घाटन में आए सभी लोगों का स्वागत किया। इनकी महाराष्ट्र में कई शाखा है। एक शाखा इन्होंने नगीना में भी खोली है। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सरफराज अंसारी, इस्तियाक अंसारी, हाजी इरशाद अंसारी, शेख खुर्शीद ठेकेदार, नसीम अंसारी, इमरान अंसारी,



सलीम अंसारी, रफीक अहमद अंसारी, जुबैर जैदी, कामरान एड., इफ्तेखार अहमद उर्फ मुन्ने, शहराज खलील, आशु मुनीम, राशिद मुल्तानी, वासिफ सिद्दीकी, महराज आर्यन आदि लोग मौजूद रहे।

### किरतपुर में अर्जुन गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने ग्राम बसेड़ा निवासी अर्जुन पुत्र हरदयाल को गिरफ्तार किया है। ग्राम बसेड़ा निवासी श्रीमती सर्वेश पुत्री संजय ने दो फरवरी को थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि अर्जुन ने अपनी पत्नी राखी के साथ मिलकर उसके पति व पुत्र पर जानलेवा हमला किया था। उसके पति को जान से मारने की नीयत से गन्ना काटने के कदाले से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### खेलने के दौरान बच्चों में झगड़ा

**शेरकोट।** खेलने के दौरान दो बच्चों में आपस मे झगड़ा हो गया। आरोप है कि एक बच्चे ने दूसरे बच्चे को चाकू मारकर घायल कर दिया।

मोहल्ला खुराडा निवासी अकरम का 12 वर्षीय पुत्र अरहान आज सुबह शेरकोट के मोहल्ला अफगानान में अपने नाना बरामुद्दीन के घर गया हुआ था। बताया जाता है कि गांव नींदडू निवासी समीर का 13 वर्षीय पुत्र मोहल्ला अफगानान में अपने नाना सईद के घर रहता है। बताया जाता है कि दोनों बच्चे मोहल्ले में आपस मे खेल रहे थे। इस दौरान दोनों बच्चों में किसी बात पर आपस मे झगड़ा हो गया।आरोप है कि समीर घर गया और घर से 50 रुपये लाया तथा बाजार से चाकू खरीदकर अरहान पर चाकू से वार कर दिया। सूचना पर परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे और घटना की तहरीर पुलिस को दी।

## द प्रियंकन पोस्ट के विमोचन के साथ शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

### निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने गुणात्मक विकास की राह पर चलने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की विगत 40 वर्षों की अभूतपूर्व यात्रा में आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा। स्कूल निदेशक राणा प्रियकर सिंह, प्रशासिका अदिती सिंह और प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूल का पहला न्यूज लेटर 'द प्रियंकन पोस्ट' का विमोचन किया। जहाँ एक तरफ विद्यार्थियों में नई कक्षा में बैठने की खुशी दिख रही थी, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों और अन्य सहयोगी स्टाफ में एक अलग ही जुनून था। ऐसा खुशगवार वातावरण और न्यूज लेटर द प्रियंकन पोस्ट के विमोचन कार्यक्रम ने आज के माहौल में चार चाँद लगा दिये।



प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी द्वारा सभी का भावपूर्ण स्वागत किया गया। विगत सत्र की समीक्षा और आगामी सत्र के लक्ष्यों को शिक्षक वर्ग के मध्य रखते हुए प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी, किसी न किसी रूप में स्कूल के विकास और गुणात्मक शिक्षा की पैरोकारी करते हुए दिखे। प्रशासिका अदिती सिंह ने न्यूज लेटर 'द प्रियंकन पोस्ट' की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि नित नई ऊँचाईयों को छूना हमारा उद्देश्य है।

प्रशासिका अदिती सिंह ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण के बल पर ही 'द प्रियंकन पोस्ट' जैसे न्यूज लेटर आकार लेते है।

निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने पूरी प्रियंकन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें लगातार गुणात्मक विकास की राह पर चलते हुए अपने व्यवहार, आचरण, अनुशासन और परिश्रम के बल पर विद्यार्थियों को सार्थक शिक्षा देनी है।

अंत में प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने निदेशक प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिती सिंह और सभी शिक्षकों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# शादी समारोह से लौट रहे लोगों पर टूटा कहर

## थ्री व्हीलर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत व दर्जन भर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गुरुवार की सुबह तड़के बुढ़नपुर स्थित ब्रिज पर उस समय चीख पुकार मच गई, जब शादी समारोह से लौट रहे लोगों के थ्री व्हीलर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक दर्जन के लगभग लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार यहां बुढ़नपुर में एक परिवार में शादी थी, जिसका कार्यक्रम सिंह पैलेस स्योहारा में था। जहां से सुबह 4 बजे कुछ लोग शामिल होकर ग्राम हरौली लौट रहे थे। बुढ़नपुर स्थित ब्रिज पर पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे उनमें



चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रिंस (18 वर्ष) पुत्र सुखवीर निवासी कोतवाली देहात को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों धर्मेंद्र सिंह (42 वर्ष) पुत्र कृपाल सिंह, रूपा देवी (40 वर्ष) पत्नी धर्मेंद्र सिंह, अभिनव (13 वर्ष) पुत्र धर्मेंद्र, युवराज (10 वर्ष) पुत्र धर्मेंद्र निवासी ग्राम हरौली थाना स्योहारा, आदित्य (16 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी अहिरपुरा थाना नूरपुर, आदेश देवी (45 वर्ष) पत्नी सुखबीर सिंह निवासी मोथेपुर क्रित, सुखबीर सिंह (50 वर्ष) पुत्र छोटे सिंह निवासी मोथेपुर किरत, थाना कोतवाली देहात, मदन सिंह (50 वर्ष) पुत्र छोटे सिंह निवासी मेवा नवादा, थाना स्योहारा, चंद्रपाल सिंह निवासी अहिरपुरा थाना नूरपुर, किरन देवी पत्नी चंद्रपाल निवासी अहिरपुरा थाना नूरपुर को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद शादी वाले घर में गम का माहौल बना हुआ है।

# डीआरएम से की रेलवे से सम्बन्धित शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुरादाबाद से आए रेलवे डीआरएम राजकुमार सिंह को भाजपाइयों ने अलग-अलग मांग पत्र सौप कर नगीना में सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज कराने और कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर एक माह से रुके अंडरपास निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। डीआरएम ने भाजपाइयों को उनके यह मांग पत्र रेलवे मंत्रालय दिल्ली को भेजने का आश्वासन दिया।

रेलवे विभाग मुरादाबाद के सीनियर अधिकारी डीआरएम राजकुमार सिंह नजीबाबाद से अपनी स्पेशल ट्रेन से चलकर शाम 5:00 बजे नगीना रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां निर्माण कार्य चल रहा है। यहां उन्होंने रेलवे स्टेशन, रेलवे पुल और रेलवे प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये। डीआरएम ने सभी कार्यालयों का भी निरीक्षण किया।

डीआरएम राजकुमार सिंह के आने की सूचना मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम, अजीत अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, शिवशंकर सक्सेना, सचिन शर्मा, गोपाल शर्मा के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी रेलवे स्टेशन पहुंचे और पूर्व विधायक सतीश कुमार एवं सौरभ मित्तल ने अलग-अलग मांग पत्र डीआरएम राजकुमार सिंह को सौंपे। जिसमें भाजपाइयों ने कोतवाली मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से मुक्ति से पाने के लिए ओवर ब्रिज बनाए जाने की मान की। भाजपायों ने यह बताया कि ओवर ब्रिज की मंजूरी होने के बाद ओवर ब्रिज के रास्ते में जगह-जगह से मिट्टी के सैंपल लिए गए थे जो पास भी हो गए थे लेकिन अभी तक ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका जिस पर डीआरएम ने बताया कि ओवर ब्रिज की अभी स्वीकृति नहीं हुई है। केवल सर्वे की स्वीकृति हुई थी जिसकी जांच आख्या रेलवे विभाग दिल्ली को भेज दी गई है। जैसे ही स्वीकृति आएगी तो ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि नगीना काष्ठ नगरी है जिनका कारोबार कई विदेशों से होता है लेकिन यहां सुपरफास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से काष्ठ कला का कारोबार बंदी की कगार पर है। इसलिए नगीना में सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टोपेज किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही गरीबों के लिए चलने वाली पैसेंजर ट्रेन भी बंद पड़ी है। उनका संचालन भी शीघ्र ही कराए जाने की मांग की गई। डीआरएम राजकुमार सिंह ने जवाब देते हुए बताया कि गाड़ी का स्टॉपेज रेलवे कार्यालय दिल्ली से ही किया जाता है जैसे ही वहां से मंजूरी मिल पाएगी, इस पर कार्य किया जाएगा। तीसरे मांग पत्र में मांग की है कि कालाखेड़ी मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर एक माह पूर्व अंडरपास का निर्माण शुरू हुआ था, जो बन्द पड़ा हुआ है। अंडरपास निर्माण भी शीघ्र शुरू कराया जाए।

डीआरएम ने इस पर भी जवाब देते हुए बताया कि अंडरपास निर्माण क्यों बंद है इस संबंध में ठेकेदार से बात करने के बाद कार्य शुरु दिया जाएगा।

# पतंग लूट रहे किशोर का मांझे से हाथ जखमी



**धामपुर।** मोहल्ला कहारान निबासी देवेंद्र ने बताया कि उसका 11 वर्षीय बेटा इशान गुरुवार की शाम करीब पांच बजे घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। उसके घर के ऊपर से एक पतंग कटकर जा रही थी, तो उसने पतंग को पक्ड़ना चाहा। जैसे ही उसने पतंग की डोर को पकड़ा तो उसके हाथ मे मांझा आ गया। जैसे ही उसने पतंग को खींचना शुरु किया तो मांझा उसके हाथ को काटता चला गया। इतने वह कुछ समझ पाता वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर परिवार की महिलायें दौड़कर पहुंची और घायल इशान को पास के ही निजी अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सक ने उपचार किया। उन्होंने बताया कि इशान के हाथ में टांके लगे है। घटना से परिजनों मे हड़कंप मचा है। उन्होंने प्रशासन से चायनीज मांझा बिक्री करने वालों के खिलाफ कर्रवाई की मांग की है।

# सेंसेटिव जोन के नाम पर किसानों का उत्पीड़न

## केहरीपुर में भाकियू टिकैत की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** भाकियू टिकैत की एक पंचायत गुरुवार दोपहर गांव केहरीपुर जंगल में गुरुद्वारा साहिब में सरदार मिल्खा सिंह की अध्यक्षता एवं राणा सिंह सैनी के संचालन में आयोजित हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने कहा कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वन कर्मियों द्वारा सेंसेटिव जोन के नाम पर किसानों को खेतों में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने से रोका जा रहा है और पेड़ काटने से पूर्व उनका मूल्यांकन कराने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जबकि शासन की ओर से अभी अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का संसेटिव जोन घोषित नहीं किया गया है। वन विभाग द्वारा किए जा रहे किसानों के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र से बाहर आकर वन्य जीव खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं परंतु वन विभाग वन्यजीवों को रोकने में विफल है। वन विभाग को चेतावनी दी गई कि वन्यजीवों को रोकने के लिए कोई उचित प्रावधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी का मुद्दा भी जोर शोर से उठाया गया। किसानों का आरोप है कि शासनादेश के अनुरूप सिंचाई के लिए किसानों को विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है, जिससे उनकी फसलें सूख रही हैं। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा, राणा सिंह सैनी, देवेंद्र कौशिक, रमेश चंद्र शेखावत, दीपक सिरोही, गुरविंदर सिंह, मो. अशफाक, महबूब खान, इस्माइल, नफीस अहमद, अमरीक सिंह, हीरा सिंह, सुखदेव सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिजनौर में ईद कमेटी की बैठक



**बिजनौर।** वक्फ संशोधन डील को लेकर पुलिस प्रशासन की सतर्कता के बीच आज शहर कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर काजी माजिद अली के साथ-साथ विभिन्न मस्जिदों के इमामों ने शिरकत की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति समितियों की बैठक का आयोजन किया गया।

### पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट



**बढ़ापुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस चप्पे चप्पे पर गश्त करती नजर आई। वक्फ संशोधन बिल को लेकर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार की सुबह थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार पुलिस फोर्स के साथ अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे के कुंजेटा तिराहा, मेन बाजार, सब्जी मंडी चौक आदि स्थानों पर पैदल मार्च निकाला और लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। पैदल मार्च के बाद उन्होंने कुंजेटा तिराहे पर चैकिंग अभियान चलाया और बाइक पर ट्रिपल सवारी करने वालों को हिदायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि वक्फ बिल को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है और कस्बे व क्षेत्र में लगातार भ्रमण किया जा रहा है।

### नजीबाबाद में फहीम गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने गौवंश के कटान के आरोपी ग्राम करमसखेड़ी निवासी फहीम पुत्र नफीस को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके पास से गौमांस, उपकरण व हथियार भी बरामद किया गया है। मौके से ग्राम जाफरपुर निवासी मुन्ना पुत्र मजीद, दानिश पुत्र अय्यूब एवं बब्बू पुत्र फिरजू फरार हो गए। अभियुक्त फहीम के खिलाफ पूर्व से ही गौवध अधि. नियम के दो मुकदमे पंजीकृत है।

### छेड़छाड़ पर शादी में हुआ विवाद



**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरगांव चांदन में एक शादी समारोह में दो गुटों में मारपीट हो गई। कुछ युवकों द्वारा शादी में खाना खा रही लड़कियों के साथ बदसलूकी की गई जिसके कारण यह विवाद शुरू हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में लात-घूंसे और बेल्ट से मारपीट शुरू हो गई। वहीं एक युवती के तेल में झुलसने की भी सूचना मिली है। घटना होने पर खाना खा रहे मेहमानों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उनके यहां शादी समारोह में कुछ लोगों ने लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिससे विवाद शुरू हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी दी है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बुनकर मजदूर विकास समिति की सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला नई सराय मौ.अशरफ अंसारी के आवास पर बुनकर मजदूर विकास समिति की सभा का आयोजन हुआ। बुनकर मजदूर विकास समिति के धामपुर तहसील प्रभारी मौहम्मद अशरफ अंसारी को तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मौहम्मद नाजिम अंसारी ने सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बुनकर समाज को अपने उत्थान और विकास के लिए सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संगठित होने की जरूरत। जब तक बनकर समाज एक होकर अपने हक की लड़ाई को नहीं लड़ेगा, तब तक बुनकरों को हक मिलना मुश्किल है। सभी राजनीतिक दलों ने बुनकरों को ठगने का काम किया है।



किसी भी राजनीति दल ने बुनकरों के विकास के बारे में नहीं सोचा है। जिसके कारण आज बुनकर बदहाली की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। मगर अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि बुनकर मजदूर विकास समिति हर स्तर से बुनकरों की हक व अधिकार की लड़ाई लड़कर बुनकरों को इंसाफ दिलाने का काम करेगी। अब उसी पार्टी का साथ दिया जाएगा जो पार्टी बुनकरों के उत्थान में विकास प्रगती- उन्नति व सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी देने का काम करेगी।

बिजली हथकरघा या किसी भी विभाग द्वारा बुनकरों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुनकर समाज को समाज में फैली हुई बुराइयों को समाप्त करके सभी बच्चों को बेहतर तालीम दिलाने पर काम करेंगी।

बुनकर मजदूर विकास समिति के जिलाध्यक्ष कारी लईक अंसारी, सहसपुर नगर अध्यक्ष अनीस अहमद अंसारी, धामपुर तहसील प्रभारी मौहम्मद अशरफ अंसारी (सहसपुर निवासी) वार्ड अध्यक्ष मुफीद आलम, मौहम्मद मुदस्सिर, मौहम्मद साकिब, मौहम्मद आदिल, कमरुद्दीन, नुसरत अली, सिराजुल हक आदि बुनकर मजदूर विकास समिति के सदस्य सभा में मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम गुल्लर गौजी निवासी हरस्वरूप सिंह पुत्र जसवंत सिंह (32 वर्ष) अपनी सुसराल ग्राम उधोवाला में चिरंजी सिंह के घर आया हुआ था। रात लगभग आठ बजे खाना खाकर वह किसी काम या टहलने के लिए नैशनल हाईवे रोड पर आया था कि पिछे से उसको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

मौके पर पहुंचे राहगीरों की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते हुए रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# इंसाफ पाने के लिए दर-दर भटक रही विधवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पति की मौत के बाद लाचार विधवा महिला अपनी 10 वर्षीय पुत्री को लेकर इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र गांव तुरंतपुर निवासी अंजू देवी पत्नी स्व. योगेश कुमार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व उसके पति का निधन हो गया था। पति की मौत के कुछ महीने बाद सास - सुसर का भी निधन हो गया था। सास ससुर की मौत के बाद से ही जेठ जितेन्द्र व ब्रजेश और जेठानी मीना देवी उसका उत्पीड़न करने लगे तो महिला ने तंग आकर अलग 30 गज जमीन पर आवास बनाने हेतु मिट्टी का भराव करा रही थी तभी सुसराल पक्ष के जेठ एवं जिठानी ने निमार्ण कार्य को जबरन रोक दिया। पीड़िता ने 27 मार्च को अपने मायका पक्ष से अपने पिता जसवीर सिंह और चाचा कैलाश चंद्र तथा मां लीला देवी को बुलाकर गांव के गणमान्य व्यक्तियों के बीच में एक बैठक बुलाई परन्तु इसी दौरान उसके जेठ जितेंद्र कुमार पुत्र स्व. मान सिंह तथा जेठानी मीना देवी पत्नी जितेंद्र कुमार ने उसके पिता जसवीर सिंह पर जान से मारने की नियत हमला कर दिया। पीड़िता ने इस संबंध में 27 मार्च को एक प्रार्थना पत्र स्थानीय थाना कोतवाली में दिया परन्तु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है। महिला अन्जू देवी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# कार्यकाल पूर्ण होने पर शिक्षिका को दी विदाई

**नजीबाबाद।** नगर के बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठतम शिक्षिका मधु उपाध्याय को कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठतम शिक्षिका मधु शर्मा को स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल, विदाई पत्र, मां दुर्गा की प्रतिमा, वस्त्र, बेडशीट और सूट सहित अनेक उपहार देकर विदाई दी गई। प्रबंधक डॉ. एसके जौहर ने कहा कि शिक्षिका मधु उपाध्याय विद्यालय में 35 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही है। जिसकों यह संस्थान कभी भूल नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि मधु शर्मा वरिष्ठतम शिक्षिका होने के नाते उन्हें मां का दर्जा प्राप्त था, उनके कुशल नेतृत्व में बाल सदन शिक्षण संस्थान ने बहुमूल्य और महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। 35 वर्षों तक निर्बाध सेवाएं करने का रिकॉर्ड मैडम मधु शर्मा के नाम है, जो अपने आप में एक इतिहास है। इस उपलब्धि को कोई अन्य शिक्षिका प्राप्त नहीं कर पाएगी। प्रधानाचार्या किरण बाला ने कहा कि मधु शर्मा के व्यक्तित्व में एक ऐसा प्रभाव था कि कोई भी छात्र-छात्रा उनके बताए मार्ग पर चलने को सहर्ष तैयार हो जाता था। सभी शिक्षिकाओं ने मैडम मधु शर्मा को उनके कुशल नेतृत्व के लिए उनको बधाई दी और उनके बताएं मार्ग पर चलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मैडम मधु शर्मा उपाध्याय ने कहा कि मेरा इस शिक्षण संस्थान से जो नाता रहा है उसे में कभी भूल नहीं पाऊंगी। इस शिक्षण संस्थान ने मुझे बहुत कुछ दिया है और बेइंतहा सम्मान मिला और मेरे द्वारा दिए गए सुझावों को संस्थान ने अग्रिम श्रेणी में रखते हुए उनको स्वीकार किया और संस्थान ने वर्ष दर वर्ष प्रोन्नत करते हुए मुझे वरिष्ठतम शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त हुआ।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** गुरुवार की देर शाम साप्ताहिक बाजार से सामान लेकर लौट रहे दम्पति की बाइक में सामने से आ रहे ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति और तीन माह की बच्ची सकुशल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुरुवार की देर शाम गांव मोहद्दीनपुर निवासी फरमान अपनी पत्नी गुलशफा व तीन माह की बच्ची के साथ गांव दयालवाला में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव मोहद्दीनपुर चौराहे पर पहुंचे तभी वालावाली की ओर से आ रहे ट्रक से उनकी सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें गुलसफा (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें पति फरमान व तीन माह की बच्ची सकुशल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक ड्राइवर व ट्रक को कब्जे में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुर्दुल कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव व शारदा संगोष्ठी

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कंपोजिट विद्यालय नहटौर का वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परीक्षाफल वितरण के साथ-साथ प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।




जानकारी के अनुसार अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों में मौहम्मद अलफैज, मौहम्मद जैद, दृश्य, उमरा, मौहम्मद अनस, जोया, मौहम्मद अफ्फान, अफीफा आदि छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पाने वाले अनिकेत, शौर्य, पलक शर्मा, वर्षा, इकरा, अलिशमा, अलीशा तथा तृतीय स्थान राधिका, अदीना, मौहम्मद अनस, मौहम्मद साद, महक, अब्बास, नेहा और शीनम ने प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त अर्श, मौहम्मद हसीम, शगुन, जोया, गुलफशा और शिफा को भी पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकेश गुप्ता ज्वेलर्स ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जितनी अधिक मेहनत करा. ेगे उतना अच्छा फल मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय को कंप्यूटर देने की घोषणा की, जिसका सभी ने तालिया बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सैयद गिजाल मेहंदी ने बच्चों को खूब मेहनत करने दिल लगाकर पढ़ने और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी बातों पर चर्चा की।

इस अवसर पर एआरपी संतोष कुमार तथा वरिष्ठ सभासद महफूज अहमद गुड्डा, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष इमराना, उपाध्यक्ष नीरज शर्मा व बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ में राना जिलानी, रिजवाना परवीन, इमराना खातून, मुक्ता जैन, अंकित कुमार, पूनम सैनी, सविता सैनी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश गुप्ता सभासद नगर पालिका परिषद तथा संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौहम्मद शफी ने किया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

मूल वाद सं. 154/2023

**कलावती बनाम श्रीमती वती**

कलावती उम्र करीब 56 वर्ष पत्नी मूलचन्द निवासी ग्राम सलेमपुर, परगना बास्टा, तह. चांदपुर, जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- श्रीमती वती उम्र करीब वर्ष पत्नी मूला पुत्री श्री जोत सिंह स्थाई पता ग्राम सलेमपुर, परगना तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 07.04.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्हे स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक 07.04.2025

**प्रबंधक**

**सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**

वेबसाइट- NPPDHAMPUR.CO.IN दूरभाष नं.- 01344-297070

पत्रांक- 09/01/2025-26 दिनांक:-

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद धामपुर जनपद बिजनौर द्वारा ''पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना'' अनुदान संख्या-37/''सीवरेज जल निकासी योजना''/02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि के अन्तर्गत कुल 10 कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 24.04.2025 समय सायं 05:00 बजे तक वेबसाईट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी0/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्र्ड बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | Ltr.No. / न.पा.प.धा./निविदा/ 2025-26 |
| Publish and Time for RFP | 04.04.2025 11:00 AM |
| Last Date and Time for Submission of Tender | 24.04.2025 05:00 PM |
| Date of Time of Opening Tender | 25.04.2025 11:00 AM |
| Place of Opening of Tender | Office Nagar Palika Parishad Dhampur |
| Tender Security | 10% of Tender Value |
| Tender Document Processing | As per tender list. |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

# अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी खाई में पलटी

## गाड़ी में सवार थे एक दर्जन लोग, तीन की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी सड़क किनारे खाई में पलट गई। चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुए हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। तीन गंभीर की हालत चिंता. जनक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

रामपुर जनपद के गांव मुकुटपुर थाना स्वार निवासी लज्जावती पत्नी शेर सिंह की मृत्यु के बाद परिजन उसकी अस्थियां विसर्जन करने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। परिवार के एक दर्जन लोग टाटा मैजिक गाड़ी में सवार थे। बताते हैं जब यह गाड़ी धामपुर में दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने पहुंची तो बाईपास पर गाड़ी के चालक रिंकू पुत्र भीम सिंह निवासी ढीमरखेड़ा थाना टांडा जनपद रामपुर को अचानक नींद की झपकी आ गई। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकराकर खाई में पलट गई। गाड़ी के खाई में पलटने के बाद उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को देखकर राहत कार्य शुरू कराया। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के प्रयास के बाद गाड़ी में दबे लोगों को बाहर निकाला।

उधर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विनीत, जीवन तथा अनिकेत को हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# कम्प्यूटर लैब व शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ

## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि शरद कुमार अग्रवाल (एमडीजी के हॉस्पिटल नगीना, उपेन्द्र कुमार शर्मा सम्भाग निरीक्षक मुरादाबाद, विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, उपाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश विश्नोई, प्रबंधक डॉ. संदीप कुमार शर्मा, एड. अनिल शर्मा, मोहित गोयल, राजन अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि शरद कुमार अग्रवाल ने सभी को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती ही एक मात्र ऐसा संस्थान है जो शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाता है। रोहित रवि ने सरस्वती विद्या मंदिरों को देश भक्ति की पाठशाला बताते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले सदैव अनुशासन का पालन करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा ने सभी को परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर सर्वोत्तम संस्थान है। हमें अपने साथ साथ अपने परिचितों को भी प्रेरित करना चाहिए कि वो भी अपने बच्चे इन विद्यालयों में पढ़ायें, जिससे समस्त समाज संस्कारित हो सके और हमारा देश पुन: परम वैभव पर पहुंचे।

इस अवसर पर विद्यालय में नवीन सुसज्जित एवं आधुनिक कम्प्यूटर लैब और शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने बताया कि कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक भैया दिव्य राजपूत (चल) ने 1400 में से 1320 अंक, कक्षा तृतीय से पंचम तक भैया उदित अग्रवाल (पंचम) 2000 में से 1718 अंक, कक्षा 6 से 8 तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) 2000 में से 1803 अंक, कक्षा नवम और एकादशी में भैया आदित्य शर्मा (नवम) 1020 में से 795 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा (शिशु वर्ग) में कक्षा तृतीय से पंचम तक बहिन विधि (चतुर्थ) 100 में से 82 अंक, बाल वर्ग कक्षा 6 से 8 तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) 100 में से 76 अंक, उच्च वर्ग नवम से द्वादश भैया मौलिक मिश्रा (नवम) 100 में से 63 अंक, आचार्य वर्ग में सुभाष चन्द्र (प्रथम), कुमारी अदिति चौहान (द्वितीय) और सुधीर कुमार (तृतीय) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भैया उदित अग्रवाल, रक्षित आग्रवाल और बहिन नीतिका मालवा ने शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। सर्वाधिक अनुशासित भैया बहिन में बहिन विधि (चतुर्थ) और बहिन आयुषी शर्मा (एकादश) चुनी गयीं। कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय इस प्रकार हैं कि कक्षा नर्सरी में जानवी, युग, मिठछ, कक्षा एलकेजी में दक्षिता, तनवी सैनी, प्रत्यक्ष कुमार, कक्षा यूकेजी में दिव्य राजपूत, आरोही बालियान, लव्य सैनी, कक्षा प्रथम में नैना, कनक चाहर, अभीश्री चाहर, कक्षा द्वितीय में पुनीत कुमार, लाभ गिरी, रिशु शर्मा, कक्षा तृतीय में नित्या, शिवन्या, लक्ष्य, कक्षा चतुर्थ में विधि चौहान, कृत्तिका, आकाश, कक्षा पंचम में उदित अग्रवाल, निधि, निशु वर्मा, कक्षा पष्ठ में आयुषी गौतम, लक्षी चौधरी, पलक चौधरी, कक्षा सप्तम में विराज मिश्रा, मोहित कुमार, अपूर्वा, कक्षा आम में वंदना, पराग चौहान, आंचल, कक्षा नवम में आदित्य शर्मा, दिव्यांश सिंह, जतिन पाल, कक्षा एकादश में निशु, आयुषी शर्मा, प्रियांशी सैनी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

## खंड शिक्षा अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** शासन के निर्देशों के अनुक्रम में नि:शुल्क एवं बाल अधिकार अधिनियम 2009 के सार्वभौमिकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विकास क्षेत्र किरतपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकान्त गिरि द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ स्कूल में एडमिशन संबंधित नारे लगाते चल रहे थे तथा उनके हाथों में स्कूल प्रवेश संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां थी। रैली में नगर क्षेत्र किरतपुर के समस्त विद्यालय (प्राथमिक विद्यालय बसी कोटला, नगर क्षेत्र 2 किरतपुर द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय किरतपुर खास एवं प्रथम) सहित अनेक विद्यालयों के बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बच्चों द्वारा एक भी बच्चा छूटे ना संकल्प हमारा टूटे ना जैसे स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लगाए गए। नगर में आम जन से अपील की गई कि वो अपने बच्चों का प्रवेश निकटतम सरकारी स्कूल में कराएं।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न योजना जैसे डीबीटी ऑपरेशन कायाकल्प आदि कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अत: सभी अभिभावकों से अपील की गयी कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनका नामांकन निकट के सरकारी स्कूल में करवाएं।

रैली को सफल बनाने में बीआरसी केंद्र किरतपुर का समस्त स्टाफ एवं आदेश पाल अजहर जमाल, गुलशन गुप्ता, आनंदपाल, मीनाक्षी, आकांक्षा, अनीता रानी, श्वेता अरोरा, सुंदर सिंह लखारिया, सचिन, शाकिर हुसैन, मनोज कुमार गौतम, संजय कुमार, दीपक सलूजा, दीपक राजपूत, तापस पाल, रियाजुद्दीन, सिम्मी रस्तौगी, बेबी सलमा, अंजलि, सबीहा साबिर आदि का विशेष योगदान रहा।

## अंडरपास के लिए डीएम से मिले ग्रामीण

**कोतवाली देहात।** अंडरपास बिश्नोईवाला मार्ग के सामने बनवाने के लिए ग्रामीण डीएम तथा भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले।

ग्राम महेश्वरी जट में अंडरपास निर्माण पिछले 6 माह से रुका हुआ था। मंगलवार को कार्यदाई संस्था के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच गतिरोध के चलते काम रुक गया था। ग्रामीण अंकित कुमार, प्रेषक, सुमित, लियाकत, मोहित, राहुल शर्मा, जितेंद्र आदि जिलाधिकारी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि महेश्वरी जट के सामने बने अंडर पास से कम लोगों का आना जाना है। चौराहे पर प्राथमिक विद्यालय तथा जूनियर हाईस्कूल है। ग्राम वासियों का आना-जाना भी ज्यादा रहता है। अन्य गांव के लोगों के आने का रास्ता भी प्राथमिक स्कूल के सामने ही है। गांव बिश्नोईवाला व खुर्रमपुर खड़क के किसानों का गन्ना भी इसी रास्ते से आता है। ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी से मिले। ग्रामीण अंकित कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी ने एसडीएम नगीना को मौके पर भेजने की बात कही।

# दो भाईयों पर जानलेवा हमला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन दो भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया। आरो. पियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन एक बड़ी वारदात सामने आई है। 31 मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे यामीन और रईस अपनी ठेली से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान

## पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

गांव में तेली वाली मस्जिद के पास सफेद स्कॉर्पियो में सवार चार लोग वहां पहुंचे। ठेली गाड़ी से हल्का टच होने पर वहां गाली-गलौच शुरू हो गई। आरोप है कि फिर गाड़ी से उतरकर कार सवरों ने हाथों में रॉड, सरिया और धारदार हथियार लेकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में रईस और यासीन को गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायल भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर कोई कार्रवाई की तो परिवार को जान से मार देंगे। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी मिलने पर मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** ग्राम बेरखेड़ा जलीलपुर निवासी विकास कुमार पुत्र स्व. लाल सिंह की सरकारी उचित दर की दुकान की शिकायत पर क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी कार्यालय से पूर्ति अधिकारी अंकित कुमार ने उचित दर विक्रेता विकास कुमार की दुकान पर भौतिक सत्यापन हेतु पहुंची पूर्ति विभाग की टीम ने अपनी जांच और सत्यापन की कार्यवाही के तहत मौके पर ई-पोश मशीन इलेक्ट्रॉनिक कांटा व मौके पर रखे स्टॉक की जांच टीम के साथ करने पर 37 कट्टे गेंहू, दो कट्टे लूज और सात कट्टे चावल और एक कट्टा लूज खुले कट्टे मिले, जो स्टॉक से कम होने पर उचित दर विक्रेता द्वारा सही जवाब व सही जानकारी नहीं देने पर मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान ग्रामीणों के बीच जांच के दौरान खाद्यान्न कम पाया गया। जिसके आधार पर पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार द्वारा उक्त उचित दर विक्रेता के विरुद्ध पुलिस में तहरीर दे दी गई। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0179/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। ग्रामीण क्षेत्र में उचित दर विक्रेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो जाने पर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले कुछ उचित दर विक्रेता राशन डीलरों में हड़कम्प मचा हुआ है।

# कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिकोत्सव

## बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिक उत्सव तथा शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने परिषदीय विद्यालयों में बेहतर हो रहे शिक्षा के स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त की और लोगों से अपने बच्चों का प्रवेश इन्हीं स्कूलों में कराने की अपील की। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालय किसी प्रकार भी मोटी फीस वसूलने वाले निजी क्षेत्र के स्कूलों से कम नहीं हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल द्विवेदी ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षक संघ अल्हैपुर के अध्यक्ष नवनीत कुमार तथा मंत्री अमित सिसोदिया ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में ग्राम प्रधान शमीम अहमद, एसएमसी अध्यक्ष मो. अमीर, रणवीर सिंह, शहाना परवीन, अंजार अहमद आदि बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक अतीक आजाद ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों में शेफाली सिंह, राहुल, प्रेरणा, पूजा, शाजिया, राजबाला, रूपा, वंदना, सीमा, सविता, मंजू आदि का सहयोग रहा। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने की तथा संचालन शेफाली सिंह ने किया।

## एक नजर

### तमंचे व कारतूस सहित संदीप गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही ग्राम फतेहपुर कलां निवासी संदीप पुत्र लाखन सिंह को एक 315 बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग से भी यह मामला जुड़ा हुआ है। उधर पुलिस ने मु.अ.सं. 42/25 दर्ज कर संदीप का चालान कर दिया है।

### शराब की दुकान खुलने से परेशानी



**हीमपुर दीपा।** जब से शराब की दुकान हीमपुर दीपा थाने के सामने स्थित हुई है, तब से न केवल क्षेत्र के गणमान्य लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि शराबियों के लिए भी यह चिंता का विषय बन गया है। दरअसल हीमपुर दीपा में अंग्रेजी शराब की दुकान पूर्व में अजुपुरा रोड पर स्थित थी । इसके बाद यह दुकान हीमपुर दीपा थाने के एकदम सामने स्थापित कर दी गई। जिसके बाद थाने आने वाले क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक व पत्रकार भी अब शराबियों की श्रेणी में आने लगे हैं। वहीं शराबियों के लिए भी यह दुकान इसलिए चुनौती बन गई है। क्योंकि शराब पीने के बाद यहां से गुजरने वाले व्यक्ति पुलिस बैरियर पर आकर ढेर हो जाते हैं। इसके बाद अज्ञात वाहनों से उनका कुचला जाना बेहद लाजमी है।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत शादीपुर बिजली घर पर हुई। पंचायत में किसानों की बिजली की समस्याओं पर चर्चा हुई । बैठक को संबोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को नलकूपों के लिए बिजली 12 घंटे लगातार दी जाए। क्षेत्र की विद्युत लाइनों के लटके तारों को ठीक कराया जाए। गलत बिलों को सही कराया जाए। बिलाई मिल के किसानों ने मांग की कि जब तक मिल द्वारा गन्ना भुगतान न हो तब तक कनेक्शन न काटे जाए। पंचायत में अधिशासी अभियंता विद्युत सीपी सिंह, एसडीओ किरतपुर प्रमोद कुमार तथा अवर अभियंता सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पंचायत में मौजूद किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। पंचायत की अध्यक्षता विक्रम सिंह और संचालन धर्मवीर सिंह ने किया।

# सीएसआर एक्टिविटी के तहत किए कार्यों का लोकार्पण

## राधेश्याम मोरारका की जयंती पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल समूह के राधेश्याम मोरारका की 102 वीं जयन्ती के अवसर पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गए कार्यों का जिलाधिकारी द्वारा लोकार्पण किया गया।

आज अपराहन 12 बजे क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन स्थित संवि. लियन विद्यालय में द्वारिकेश शुगर मिल समूह द्वारा कक्ष के किए गए निर्माण का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्ण वोरा, मुख्य विकास अधिकारी के सफल मार्गदर्शन में जन सहायता व समाज हित हेतु किया गया।

इकाई बूंदकी एवं अफजलगढ़ के यूनिट हेड सलिल एस. आर्य ने बताया कि द्वारिकेश समूह के संस्थापक गौतम मोरारका सदैव जनपद बिजनौर, बरेली एवं राजस्थान के झुंझुनू एवं नवलगढ़ में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, समाज सेवा, महिला उत्थान एवं जनहित के कार्यों को सदैव बढ़ावा देते रहे हैं तथा अपने पिता श्रदेय राधेश्याम मोरारका की 102वीं जयंती के अवसर पर सेवा कार्यों को निरन्तर जारी रखते हुए एवं कॉरपोरेट समाजिक उत्तरदायित्व (CSR Activities) के अन्तर्गत संस्थान द्वारा अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसके अन्तर्गत संस्थान द्वारा अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन में संविलियन विद्यालय, आसफाबाद में बच्चों की आवश्यकता एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक बहुउद्देशीय प्रोत्साहन कक्ष का निर्माण कार्य कराया गया।

गत वर्ष भी द्वारिकेश समूह द्वारा नारायणपुर सिद्धबली बालाजी तालाब (ब्लाक, सिमेंट की रेलिंग, सिमेंट की चेयर), पूर्व माध्यमिक विद्यालय (महापुर), परमावाला में (एक कमरा और बरामदे में टाईल्स), प्राथमिक विद्यालय भज्जावाला के (शौचालय में टाईल्स एवं पानी की टंकी व नल) एवं संविलियन विद्यालय भागीजोत (स्कूल के पूरे एरिये में ब्लाक एवं सभी शौचालय में टाईल्स) का निर्माण कार्य कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता के साथ-साथ अनेक प्रशासनिक अधिकारीगण, सम्मानित समाचार पत्रों के पत्रकार बंधु, ग्राम प्रधान, महापुर, भज्जावाला, प्रधानाचार्य संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन, प्राथमिक विद्यालय भज्जावाला व शिक्षकगण, कृषक भाई एवं संस्थान के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी धामपुर रीतू रानी, मुख्य महाप्रबन्धक एच.आर.डी. सुदर्शन सिंह शेखावत, सीएफओ सुनील गोयल, परवीन सिंह, महाप्रबन्धक समूह तकनीकी एवं एम.आई.एस., महाप्रबन्धक तकनीकी शपंकज सिसौदिया, एल. बी. सिंह उप महाप्रबन्धक कार्मिक, सुदेश कुमार उप महाप्रबन्धक-मिल, ए.के. सिंह उप महाप्रबन्धक एच. आर.डी., डॉ. रजनीश सिंह सहा. महाप्रबन्धक गन्ना विकास, अनुज अवस्थी मानवेन्द्र मिश्रा, अनिल सिंह, राहुल दूबे, मनोज चौपड़ा, ग्राम प्रधान आसफाबाद चमन मौहम्मद यामीन, गन्ना समिति के चेयरमैन मलकीत सिंह, स्कूल अध्यापकगण अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, मीनाक्षी रानी, पारुल राजपूत, नवनीत कुमार, शैली देवी, गुरविंदर कौर, स्वीता रानी इत्यादि उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति ठप्प, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बढ़ापुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बुधवार की सुबह नौ बजे से बंद है। दो दिन से ठप्प विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बढ़ापुर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दो दिन से ठप्प है। जबकि ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए विद्युत विभाग की ओर से बुधवार की सुबह नौ बजे से देर शाम नौ बजे तक बिजली बंद रहने की सूचना जारी की गई थी। लेकिन विद्युतापूर्ति बुधवार की रात भर और गुरुवार को भी बंद रही। गुरुवार की सुबह लगभग दो घंटे विद्युतापूर्ति हो पाई। उसके बाद फिर दिन भर आपूर्ति बाधित रही। जिसको लेकर उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। विद्युतापूर्ति बंद होने के चलते सुबह पानी की सप्लाई भी बंद रही। उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरण बंद रहने से भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं विद्युतापूर्ति बाधित होने से बुधवार की शाम बाजार की रौनक भी गायब रही और बाजार में अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपखंड अधिकारी विश्राम सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित करने के दौरान 12 घंटे विद्युतापूर्ति बाधित होने की सूचना जारी की गई थी। किंतु ट्रांसफार्मर स्थापित करने के दौरान कुछ टेक्निकल फॉल्ट के चलते विद्युतापूर्ति सुचारू करने में समय लग रहा है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# विद्यालयों में बुनियादी ढांचे पर दें विशेष ध्यान: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एक दिवसीय प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापकों के प्रशिक्षण में विद्यालयों में छोटी से छोटी समस्यायें न रहे इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जबकि निजि स्कूलों के अध्यापकों के वेतन को लेकर चर्चा की।

विकासखंड पवांसा के अतरासी स्थित पीएम श्री विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में डीपीएमयू की टीम ने प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि एक अप्रैल से नव शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हो चुका है तथा बेसिक विभाग के विद्यालयों में बच्चों का नामांकन कैसे बड़े तथा बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कैसे रहे एवं विद्यालयों में बच्चों के ठहराव का डीपीएमयू की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रधानाध्यापकों से कहा कि विद्यालयों में कोई भी छोटी से छोटी समस्या न रहे इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों तथा प्राइवेट स्कूलों के अध्यापकों के वेतन पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान में व्यक्तिगत सहभागिता को लेकर प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। जबकि असर रिपोर्ट के विषय पर चर्चा की। डीएम ने कहा कि विद्यालयों को मंदिर माना जाता है। बच्चों को क, ख, ग, घ के आधार पर पढाएं। सभी अधयापक स्वाध्याय की आदत डालें, बच्चों के लिए आदर्श बनें। उत्साह एवं प्रमाणिकता के आधार पर अध्यापन का कार्य करें। स्कूल चलो अभियान में ग्राम कुल को भी जोड़ा जाए। बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर कहा कि ग्राम सचिव जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है उन बच्चों का ब्यौरा संबंधित अधिकारी के माध्यम से उप जिलाधिकारी को प्रेषित करें तथा जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने हैं उनके प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड भी शीघ्र बनवाये जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, मुंशी लाल राहुल त्रिपाठी, विपुल राठौर एवं एस.एन शर्मा उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर में शराब सेल्समेन की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



**बबराला।** नगर गुन्नौर के पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें शराब के ठेके के सेल्समैन की मौत हो गई। बीती रात दिल्ली बदायूँ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार मनोज व गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी हरज्ञान (40) पुत्र स्वामी सिंह सेल्समैन बबराला शराब के ठेके से अपने घर जा रहे थे। तभी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सेल्समैन हरज्ञान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल सेल्समैन को 108 एंबुलेंस के द्वारा गुन्नौर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि पुलिस गाड़ी को थाने ले आई सेल्समैन की मौत की सूचना पाकर परिजन गुन्नौर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं सेल्समैन की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



सम्भल- एक दिवसीय प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# पुराने कर्णधारों के संग पार्टी का जिले में फिर लौटेगा वर्चस्व: आरिफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष के प्रयासों से पार्टी के पुराने कर्णधारों को एक मंच पर लाने का प्रयास गति पकड़ने लगा है। स्वागत का लगातार चल रहे सिलसिले में घर-घर कांग्रेस का झंडा लहराने के संकल्प को दोहराया गया।

मौहल्ला चौधरी सराय स्थित कांग्रेसी नेता मुशीर खान तरीन के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस के नवयुक्त जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की व शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुशीर खान तरीन ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व शहराध्यक्ष के साथ कांधो से कांधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होने कहा कि जिले में घर-घर कांग्रेस पार्टी का झंडा लहराया जायेगाऔर आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव में सम्भल में पार्टी का पुराना वर्चस्व लौटाने को तनमयता के साथ काम किया जायेगा।जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि पार्टी हाई कमान ने उनके कांधे पर जिस भरोसे के साथ उन्हे जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है उसे बरकरार रखना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि पार्टी के पुराने कर्णधार जो किसी न किसी कारणों से अलग-थलग हो गए थे अथवा गुमनाम रहकर भी पार्टी के लिए काम करते रहे उनके सम्मान में वह कोई कमी नहीं रखेंगे। उन्होने पार्टी के ऐंसे कर्णधारों को फिर से मंच पर लाने और जिले में कांग्रेस का पुराना वर्चस्व लौटाने का संकल्प भी दोहराया। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि मैं दलित समाज में पार्टी को बुलंदियों तक ले जाने का काम करूंगा। कार्यक्रम में पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, आरिफ तनवीर, फाजिल अंसारी, अकील अहमद, मंजर अब्बास जैदी, मनीष जोशी, दुष्यंत कुमार, दाऊद पाशा, मौअज्जम हुसैन, मोहम्मद अंसार, शफी सैफी, वीर सिंह सागर, सुनील कुमार, फुरकान कुरैशी, अंजार मंसूरी, सुभानी, कलीम खान, बब्बूखान, जुनैद मालिक, आदि मौजूद रहे।



सम्भल-मुशीर खां तरीन के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसियों को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की

### नगर पालिका पुरस्कार के लिए चयन

**सम्भल।** नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश भर के नगर पालिका परिषदो में नगर पालिका परिषद संभल को स्वच्छता ही सेवा कैटेगरी में दो कंपोनेंट के तहत पुरस्कृत करने हेतु चयन करने से पालिका कर्मियों और अधिकारियों में हर्ष है।

# मौसमी बीमारी ने पांव पसारे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कस्बे व आसपास के क्षेत्र में मौसमी बीमारी सर चढ़कर बोल रहा है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए है। निजि चिकित्सकों की दुकान पर मरीजों की भीड़ लगी है।

कभी गर्मी और कभी हल्की ठंड लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बदल रहे मौसम से बीमारियां घर करने लगी हैं। जिसके चलते वायरल बुखार, डेंगू आई फ्लू, मलेरिया, खांसी, नज़ला, जुकाम का प्रकोप फैलता जा रहा है। सरकारी अस्पताल में गिनी-चुनी दवाओं के अलावा अन्य कोई रोग नाशक औषधी नही मिलने से निजि चिकित्सकों की दुकाने भरी हुई हैं। संक्रामक रोग बढ़ने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद अभी नही टूटी।

### बबराला में तीन घंटे तक बाधित रही बिजली आपूर्ति

**सम्भल।** विद्युत उपकेन्द्र बबराला पर तीन घण्टे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। विद्युत वितरण खंड बबराला के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत विभाग के बिजनेस प्लान योजना (2024-25) के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड बबराला के पर्यवेक्षण में कार्यवाही संस्था मैसर्स ट्रेकर्स कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया गया। जिसके कारण बिजली सप्लाई बाधित रही।

### अभिमुखीकरण का प्रशिक्षण

**सम्भल।** विकास खंड बहजोई के ग्राम भवन स्थित डीपीआरसी जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के अन्तर्गत पीडीआई वर्तमान में पी. ए. आई एल. एस. डी. जी एवं जी.पी. डी पी विषय पर एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद अभय यादव की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया रहे।

आदेश का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों को भुगतान में करना पड़ सकता है विलम्ब का सामना

# शिलापटों पर जन प्रतिनिधियों के नाम भी होंगे अंकित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अब नगर पालिका परिषद की और से कराये जाने वाले विकास कार्यों की लगने वाली शिलापटों पर जनप्रतिनिधियों का नाम लिखना अनिवार्य है। बार-बार निर्देश के बाद भी अंदेखी करने वाले ठेकेदारों पर इसकी गाज गिर सकती है जबकि भुगतान में देरी पर इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होने की चेतावनी दी गई है।

नगर पालिका परिषद की और से 15वॉं वित्त से निर्माण विभाग के अर्न्तगत सड़कों, नालों व नालियों आदि से निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं विकास के लिए होने वाले निर्माण कार्यों के शिलापट लगाये जाते हें जिस पर चैयरमेन ओर अधिशासी अधिकारी व वार्ड सभासद का नाम अंकित किया जाता है। जबकि विवरण प्रदर्शित करने को लगाए जाने वाले शिलापटों पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के नाम अंकित किए जाने चाहिए,लेकिन राजनैतिक और

**अवर अभियंता सिविल ने ठेकेदारों को किया पत्र जारी**

विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों के नामों को शिलापट पर अंकित करने के बजाए अंदेखी की जाती है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के शाासनादेश और जिलाधिकारी के साफ निर्देश है कि शिलापट पर महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित किये जाने ज़रूरी हैं। शासनोदश और डीएम के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन करना पंजीकृत ठेकेदारों को भारी पड़ सकता है। अंदेखी करने वाले ठेकेदारों के भुगतान में विलम्ब हो सकता है। अवर अभियंता सिविल नगर पालिका परिषद ने ठेकेदारों को पत्र ारी कर चेतावनी दी है और विकास कार्यों के विवरण को लगाने जाने वाले शिलापटों पर जनप्रतिनिधियों के नामों को अंकित करने के निर्देश दिए है।

# शक्ति आराधना का पर्व है चैत्र के नवरात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नवरात्र आहवान है शक्ति की शक्तियों को जगाने का ताकि हममे देवी शक्ति की कृपा हो। हम सभी संकटो, रोगों, प्राकृतिक आपदाओं से बच सके। मन निर्मल हो व आत्मिक देविक भोतिक शक्तियों का लाभ मिल सके। नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र माँ भगवती जगत जननी को आहवान कर दुष्टात्माओं का नाश करने के लिए जगाया जाता है। प्रत्येक नर नारी जो हिन्दू धर्म की आस्था से जुड़े हैं वे किसी न किसी रूप में देवी की उपासना करते हैं। फिर चाहे व्रत रखें मंत्र जाप करें अनुष्ठान करें या अपनी अपनी श्रृद्धा भक्ति अनुसार कर्म करते रहें। चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व भी मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। चैत्र नवरात्रि पर्व शक्ति आराधना का पर्व है। यह दैविक साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है।

**नवरात्र में मां भगवती का आहवान कर दुष्टातमाओं का नाश करने को जगाया जाता है**

### डीएम ने किया निरीक्षण

**सम्भल।** विद्यालयों में बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत हो उसको लेकर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने विकासखंड बहजोई के प्राथमिक विद्यालय कनेटा का निरीक्षण किया। विद्यालय में बच्चों के प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में आए छात्र एवं छात्राओं का रोली एवं चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया।



बबराला-राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन में भाग लेते स्वयं सेवक।

# स्वयं सेवकों ने अनुशासन संग निकाला पथ संचलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर गुन्नौर में सृष्टि नववर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने गणवेश में उत्सव के साथ सिर पर संघ की काली टोपी, सफेद कमीज, फुल पैंट और काले जूते पहनकर हाथों में लाठी लिए राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ पथ संचलन किया।

नगर के पाताली शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पेंठ बाजार, तहसील तिराहा, सदर बाजार, मोहल्ला सराय होते हुए पाताली मन्दिर पर आकर समापन हुआ। स्वयंसेवक कदम ताल करते हुए चल रहे थे। पथ संचलन में स्कूली बच्चे घोष वादन कर रहे थे। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। नगर मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिला प्रचारक दीपक ने बताया कि कार्यक्रम में संघ परिवार के नगर व ग्रामीण क्षेत्र के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। कई जगहों पर पथ संचलन का स्वागत किया गया। इस दौरान विभाग प्रचारक शरद जिला प्रचारक दीपक, जिला कार्यवाह राजकुमार खण्ड संघचालक राजेन्द्र, खंड कार्यवाह सुनील कुमार, प्रदीप कुमार टीटू हर्षित वार्ष्णेय श्रृषभ वशिष्ठ, कुमोद वार्ष्णेय, इंदीवर सिंह, नीरज वार्ष्णेय, भोला आदि रहे।

# नारी जगत जननी इसलिए इसका सम्मान भी ज़रूरी: दीपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महिला शक्ति संगठन द्वारा रामनवमी और नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संगठन की महिलाओं ने भजन कीर्तन और नौ देवियों का पूजन किया।

गुरुवार को हयात नगर के अनंत फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम डा. वंदना मिश्रा ओर अतिथि डा. इंदु त्यागी, नेहा मलय, पल्लवी रस्तोगी, नीरू चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की। जबकि पहले गणेश पूजन किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। नवरात्रों के पर्व पर सभी महिलाओं ने डांडिया और गरबा किया। जबकि महिला शक्ति संगठन की 9 महिलाओं ने नव देवियों का रूप धारण कर महिषासुर का वध किया। कार्यक्रम में छोटी-छोटी कन्याएं माता का रूप धरे आकृषित कर रही थीं। संगठन की महिलाओं ने उनका तथा लंगूर भैरव रूप धरे बच्चों का पूजन किया। कार्यक्रम के अंत में महिला शक्ति संगठन ने महिलाओं और बच्चों के नृत्य प्रतियोगिता कराकर सबको सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपा वार्ष्णेय ने बताया कि हमारा संगठन हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी नवरात्र उत्सव धूमधाम मनाया जा रहा है। संगठन की 9 महिलाओं ने मिलकर नौ देवियों का रूप लेकर महिषासुर का विनाश कर महिलाएं अपनी रक्षा स्वयं कर सकती हैं और दूसरों की भी कर सकती हैं का संदेश दिया। नारी जगत की जननी है इसलिए नारी का सम्मान हमेशा होना चाहिए। इस अवसर पर खुशबू वार्ष्णेय, निशि वार्ष्णेय, अंजना, नेहा, कुसुम, कल्पना, बृजबाला, निशि, मधुरी, शशि, दीप्ति, ममता, विनीता, लक्ष्मी, पुष्पा, कामिनी, पदमा, संतोष, माधुरी, गायत्री, वर्षा ,मंजू ,नीलम, नीलमा, छाया, रिचा, सोनिया, प्रीति, उषा ,कविता, साधना आदि रहीं।

**महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया नवरात्र**

वरिष्ठ अधिवक्ता जफर अली की गिरफ्तारी के विरोध में कलमबंद हड़ताल रही जारी

# सम्भल के वकीलों को कन्नौज की छिबरामऊ बार का मिला समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अधिवक्ता व शााही जामाम स्जिद के सदर जफर अली एड. की गिरफ्तारी के विरोध में आन्दोलरत अधिवक्ताओं का रोष थम नहीं रहा है। लगातार हड़तालन पर चल रहे अधिवक्ताओं ने बैठक कर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवायी के लिए पुलिस द्वारा अदालत में सी डी नहीं भेजने पर रोष जताया।

गुरूवार को भी जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की कलमबंद हड़ताल जारी रही। वरिष्ठ अधिवकता व जामा मस्जिद के सदर जफर अली एड० की हिंसा मामले में गिरफ्तार से आक्रोशित वकीलों ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाए जबकि बार एसोसिएशन की चल रही कलमबंद हड़ताल ने भी कन्नौज के छिबरामऊ बार एसोसिएशन की सर्मथन किया और उपजिलाधिकारी छिबरामऊ के खिलाफ अदालत परिसर में जमकर नारेबाजी कर जफर अली की रिहाई की मांग की। बैठक में प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन ने भी अपना पूरा समर्थन मांगा। इस मौके पर मुख्तार फातमा, संकेश शर्मा, डा. फहीम अख्तर, नेमत अली, कपिल चन्द्रा, मुबशिशर हुसैन, सूरज चन्द्रा, याहिया खान, निशा, सुनिल कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



सम्भल- दुर्गा भवन पर स्कंदमाता के पूजन को हवन करते श्रद्धालु।

### बच्चों के विवाद में पति-पत्नी को लाठी-डंडों से मारपीट कर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बच्चों के विवाद में दम्पत्ति को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। चार के खिलाफ तहरीर दी गई है।

थाना हजरत नगर गढ़ी ग्राम निवासी मौहम्मद उमर पुत्र आबिद हुसैन, यासमीन पत्नी मौहम्मद उमर देर रात अपने घर पर पढ़ाई को लेकर बच्चों को डांट रहा था। तभी मौहम्मद उमर के पिता आबिद हुसैन आए और मौहम्मद उमर के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इसी बीच परिवार के ही चार व्यक्ति आए और गाली-गलौंच करते हुए मौ. उमर के साथ मारपीट शुरू कर दी। पति को बचाने आयी पत्नी यासमीन को परिजनों से मिलकर लाठी डंडों से मारपीटकर घायल कर दिया। घायल हालत में थाने पहुंचे दम्पत्ति से आरोपियों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी। आरोप है कि थाने में शिकायत कर घर लौटते ही दम्पत्ति पर दोबारा हमला कर दिया। देर रात्रि पति-पत्नी ने थाने में पहुंचकर आपबीती सुनायी।पुलिस ने घायल दम्पत्ति को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है

# हवन पूजन के साथ रखी गई चौकी निर्माण की नींव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदायन में हवन पूजन के साथ पुलिस चौकी के निर्माण की नींव रखी गयी। मंत्रोच्चार के साथ हवन में अहूतियां दी गईं।

गुरूवार को चंदायन में आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक और सामाजिक लोगों ने भाग लिया जबकि यजमान बने ग्रामीण ग्राम प्रधान इकबाल, विपिन गुप्ता, मनोज कुमार और पुरोहित के मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कर हवन में आहूतियां दी गई। थानाध्यक्ष हयात नगर चमन सिंह ने नींव रखी। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस चौकी की स्थापना सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह, का. अंकुर शर्मा, हरेन्द्र चौधरी, विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे।

**चंदायन में पुलिस चौकी निर्माण को हुआ हवन पूजन**

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल



सम्भल- ग्राम चंदायन में पुलिस चौकी निर्माण से पूर्व पूजन करते थाना अध्यक्ष चमन सिंह।

# मानव देह के कंठ प्रदेश में स्थित विशुद्धी चक्र की अधिपति है स्कंदमाता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर, श्रंखला के तहत, माँदुर्गा स्तवन की 90 वीं कड़ी, के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता का पूजन किया और दस हज़ार आठ सौ आहूतियां दी गयी।

दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में आध्यात्मिक गुरू पं राधे श्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे आयोजित हवन पूजन में आनंद कुमार सैनी व राजो सैनी द्वारा माँ दुर्गा को पान फल फूल ध्वजा नारियल शहद दूध पंचमेवा मिश्री अष्टगंधा धृत आदि इक्यावन पदार्थो से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर भारत राष्ट्र की प्रगति, श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय, व सभी भक्तो के आनंद को पांचो संध्याओ मे प्रार्थना, नवार्ण महामंत्र, जाप, आरती की गई। यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन मोहन श्रीमाली ने कहा की वृह्म की पांचवीं महाविध्या स्कंद माता मानव देह के कंठ प्रदेशअर्थात बिशुद्वी चक्र मे कोढी प्रदेश अनहद नाद चक्र से उपर उठकर आने बाली त्रिगुणात्मक ध्वनि अक्षरों से शब्दों का निर्माण कर भाषा को जन्म देती है। इस चक्र मे माता का आभाव होना प्राणी को गूंगा व बहरा बनाने का कारण बन जाता है। हालाकि माता का इस वक्र आभाव होना पूर्व जन्मो के कर्म फलो पर आधारित होता है। इसलिए मानव की बोलचाल भाषा की जननी स्कंद माता ही है। इस मौके पर समिति के जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली साधना प्रतिनिधि । आनंद सैनी प्रचार मंत्री लोकेश श्रीमाली आदि साधक-साधिकाएं मौजूद रहे।

**मां दुर्गा की ९०वीं कड़ी में इक्यावन हज़ार आठ सौ आहूतियां**

# रिसर्चर्स ने टीएमयू स्टुडेंट्स की समझी मैपिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केन्द्र सरकार युवाओं के विजन को जानने के प्रति बेहद संजीदा है। जैसे युवा का पसंदीदा सेक्टर कौन-सा है? गवर्नमेंट सेक्टर या प्राइवेट सेक्टर या स्टार्टअप? कोई भी सेक्टर युवाओं का क्यों पसंदीदा है? शिक्षा से लेकर जॉब्स तक वे क्या-क्या प्राब्लम्स फेस कर रहे हैं? इंडिया फाउंडेशन की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में मैपिंग यूथ ऐस्परेशन पर आयोजित वर्कशॉप में रिसर्च फेलो श्री यशवर्द्धन के संग-संग रिसर्च फेलो मिस त्रिशला संचेती भी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के स्टुडेंट्स के संग तीन सत्रों में रूबरू हुए। उल्लेखनीय है, इंडिया फाउंडेशन केन्द्र सरकार को युवाओं की आकांक्षओं और प्राब्लम्स के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी ताकि केन्द्र की नई नीति में इनका समाधान किया जा सके। वर्कशॉप में एक-एक घंटे के तीन सत्रों के प्रत्येक सत्र में **25-25** स्टुडेंट्स शामिल हुए। वर्कशॉप में इन छात्रों ने करियर संबंधी आकांक्षाओं और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जाना। रिसर्चर और स्टुडेंट्स में परस्पर सवाल-जवाब भी हुए। वर्कशॉप में मैपिंग के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर के स्वर्णिम अवसरों पर चर्चा हुई। रिसर्चर श्री यशवर्द्धन ने नर्सिंग और एग्रीकल्चर स्टुडेंट्स से सवाल किया, आपका पसंदीदा सेक्टर कौन-सा है? यदि आपका सपना प्राइवेट जॉब में जाने का है तो क्या आपका रीज्यूम इसके अनुकूल है? क्या सोशल मीडिया के बड़े प्लेटफॉर्म लिंक्डइन से आप संबंद्ध हैं? क्या अपने सेक्टर का डाटा आपके पास है? क्या जॉब, एजुकेशन, क्लिनिकल प्रैक्टिसेज से जुड़ी सरकारी पॉलिसी आप तक पहुंच रही है? आज के दौर में एमएनसी कंपनियों और यूनिवर्सिटीज के बीच की खाई को पाटना जरूरी है। इसके लिए कंपनियां यूनिविर्सिटीज के संग छह-छह माह का एमओयू कर रही हैं ताकि वह डेटा को तैयार कर सकें। इससे स्टुडेंट्स को यह पता चलता है, वैश्विक स्तर पर क्या डिमांड है? एग्रीकल्चर स्टुडेंट्स का मानना है, सरकारी जॉब में सिक्योरटी होती है, जबकि सरकारी जॉब की तुलना में प्राइवेट सेक्टर में करियर ग्रोथ के अधिक अवसर हैं। वे यह भी मानते है, इंडिया में पेपर वर्क अधिक होता है। नर्सिंग स्टुडेंट्स का कहना है, हाइटेक मशीनें और स्मार्ट लैब अभी इंडिया में अवेलेबल नहीं है। रिसर्चर बोले, अपने वेतनमान का मापन और मूल्यांकन खुद ही करना होगा। सक्षम बनने के लिए सॉफ्ट स्किल कोर्सेज करने होंगे। उन्होंने पूछा, स्टार्टअप के लिए सबसे पहले क्या चाहिए? एग्रीकल्चर की ओर से डॉ. चारु बिष्ट, डॉ. सच्चिदानंद सिंह के संग-संग स्टुडेंट्स- दिशा चक्रवर्ती, आस्था कुशवाहा, सैक अमीर सुहैल, दुल्लम अरुन कुमार, नर्सिंग की ओर से फैकल्टी- मिस चेतना वशिष्ट, मिस योगिता के संग-संग स्टुडेंट्स- पावनी अग्रवाल, आंचल शर्मा, पैरामेडिकल की ओर से फैकल्टीज- श्री शिवम अग्रवाल, मिस प्राची के संग-संग स्टुडेंट्स- काव्या अग्रवाल, ज्योति कुशवाह, उज्जव कुमार, मो. इकराम फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से फैकल्टी- श्रीमती शिवांकी रानी, स्टुडेंट्स- सगुन चौधरी, सन्दुश, सिल्की वर्मा, नैना पांडे आदि शामिल रहे।



## कुढ़फतेहगढ़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** नव संवत्सर **2082** के प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पूरे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर पथ संचलन किया निकाला जा रहा है। गुरुवार को कुढफतेहगढ़ में पथ संचलन निकाला गया जहां पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक छाबड़ा मंडल के कुढफतेहगढ़ में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश के साथ माथे पर पीले चंदन का तिलक लगाकर, सिर पर काली टोपी, सफेद कमीज, खाकी पेंट और काले जूते पहनकर हाथ में लाठी लिए राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ पथ संचलन किया। पथ संचलन मुख्य बाजार मार्ग, थाना गेट एवं गांव के मुख्य मार्ग से हुआ। पथ संचलन में विभाग कार्यवाह छत्रपाल सिंह, जिला कार्यवाह अशोक कुमार, नगर प्रचारक रौनक, खंड कार्यवाह थानसिंह, सहजिला सम्पर्क प्रमुख सुमित, खंड संघचालक डा. सपन कुमार, खंड सेवा प्रमुख नीरज कुमार, खंड शारीरिक प्रमुख मोहित आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।



## एक नजर

### टीएमयू में एआई ड्रिवन फ्यूचर पर ब्लेंडेड मोड में इंटरनेशनल सेमिनार आज

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के मानविकी विभाग की ओर से एआई ड्रिवन फ्यूचर: रिवोल्यूशनाइजिंग लैंग्वेज लर्निंग एंड टीचिंग पर ब्लेंडेड मोड में इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन होगा। इग्नू, नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार बतौर मुख्य अतिथि टीएमयू के ऑडी में आज यानी गुरुवार को प्रातः 10 बजे दीप प्रज्जवलित करके सेमिनार का शुभारम्भ करेंगे। सेमिनार में स्टॉफ सॉल्यूशंस, सिडनी की मिस अर्पिता अग्रवाल बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर के संग-संग केपीएल सॉफ्टवेयर कैलिफोर्निया के श्री गनेश कुमार, कॉग्निटिव एप्स, कनाडा के डॉ. मनदीन गोपीशेट्टी, न्यू जर्सी के श्री मितुल तिलाला, टेक्सॉस के श्री अक्षत खेमका समेत करीब दो दर्जन एक्सपर्ट्स २० थीमों पर अपने-अपने विचार साझा करेंगे। सेमिनार में कुल 60 रिसर्च भी पढ़े जाएंगे। सेमिनार में वीसी प्रो. वीके जैन की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। इस मौके पर एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी स्वागत भाषण देंगे। कन्वीनर डॉ. सोनिया जयंत सेमिनार की थीम प्रस्तुत करेंगी, जबकि कन्वीनर डॉ. इन्दु त्रिपाठी वोट ऑफ थैंक्स देंगी। सेमिनार में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगे।




### सात अप्रैल को होगी पांच कैंटीन की नीलामी

**मुरादाबाद।** अध्यक्ष नीलामी समिति /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 12, ने प्रेस को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 की अवधि के लिए जनपद न्यायालय मुरादाबाद परिसर में स्थित 5 कैन्टीन यथा-नजारत के सामने पूर्व मुखी कैन्टीन, नजारत के सामने पश्चिम मुखी कैन्टीन, 12 कोर्ट भवन स्थित कैन्टीन/स्थल, एम०ए०सी०टी० कोर्ट के सामने स्थित कैन्टीन और सिविल जजी ब्लॉक स्थित कैन्टीन तथा 1 फोटो स्टेट दुकान को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए नियमानुसार ठेके पर उठाया जाना है। इसके लिए दिनांक 05.04.2025 दिन शनिवार को समय सांय 04.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यक्ति अपनी-अपनी निविदाएं केंद्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में दाखिल करें। निविदा के साथ रूपये 10,000/- नकद जमा करना होगा। उक्त कैंटीनों एवं फोटो स्टेट की दुकान को ठेके पर उठाये जाने के लिए नीलामी दिनांक 07.04.2025 दिन सोमवार को शाम 04.30 बजे केंद्रीय कक्ष, दस कक्षीय भवन जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में सम्पन्न होगी। नीलामी से सम्बंधित अन्य जानकारी केंद्रीय नजारत, जनपद न्यायालय मुरादाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

### 28 बीघा कृषि भूमि की नीलामी सात अप्रैल को

**मुरादाबाद।** राकेश कुमार गौतम अध्यक्ष नीलामी समिति ने प्रेस को जानकारी दी है कि न्यायिक अधिकारीगण के आवास के सामने स्थित लगभग 28 बीघा कृषि भूमि को वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु ठेके पर उड़ाया जाना है। उक्त कृषि भूमि को कृषि कार्य हेतु ठेके पर उठाये जाने के लिए नीलामी की कार्यवाही दिनांक 07.04.2025 को केन्द्रीय कक्षा दस कसीय भवन जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में सम्पादित की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 07.04.2025 दिन सोमवार सायं 04.30 बजे नियत स्थान पर उपस्थित हो। उक्त कृत्रि भूनि को नीलानी पर लेने वाले व्यक्ति को कृषि की सिंचाई आदि करने के लिए अपना पंप/ट्यूबेल स्वंय लगवाना पड़ेगा। केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, मुरादाबाद से नीलामी सम्बधित अन्य सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम

**चन्दौसी।** नगर के महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी डा० टी.एस. पाल, अध्यक्ष प्रमोद वार्ष्णेय, प्रबंधक सुरेन्द्र रस्तोगी, सदस्य पूर्व सभासद कुलदीप वार्ष्णेय एवं प्रधानाध्यापक अरुण विपिन शर्मा ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना सुंदर प्रस्तुति के साथ की। तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर मुख्य अतिथि डॉ टी.एस. पाल, आमोद वार्ष्णेय, सुरेंद्र रस्तोगी, कुलदीप वार्ष्णेय ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा प्राथमिक वर्ग में कक्षा प्रथम के धर्मेश कुमार ने एवं जूनियर वर्ग में कक्षा षष्ठम की दीप्ति यादव ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये उनका विशेष सम्मान किया गया। प्रधानाध्यापक अरुण विपिन शर्मा ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं आगे भी सहयोग की आशा की। इस अवसर पर आचार्य राजवीर सिंह, आचार्य आंनद पाल, कुष्माकर उपाध्याय, अंजना वार्ष्णेय, वरुणा शर्मा, दीप्ति वार्ष्णेय, श्रुति अग्रवाल, प्रिया शर्मा, अभिनाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# जिले भर में वक्फ बोर्ड की 1331 संपत्तियां

## संभल में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में हुआ गोलमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिले भर में **1331** वक्फ संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों का विवेरण संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जा चुका है। बिंदुवार जानकारी जिला प्रशासन से मांगी गई थी।

जिलाधिकारी डा० राजेन्द्र पैंसिया ने एडीएम प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर विवरण निकलवााया। इसके बाद विवरण जेपीसी को भेजा गया। अब जिला प्रशासन इन संपत्तियों की स्थिति का भी आंकलन कराएगा जिससे यह जानकारी स्पष्ट हो सके कि इन संपत्तियों को खुर्द बुर्द तो नहीं किया गया है। जिलाधिकारी डा० राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि जेपीसी को बिंदुवार जानकारी दी जा चुकी है जो मांगी गई थी। कुल संपत्तियों का ब्यौरा भी तैयार है। बताया गया कि संभल, चन्दौसी व गुन्नौर तहसील में सुन्नी व शिया वक्फ बोर्ड की **1331** संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों पर कब्रिस्तान, ईदगाह, मस्जिद, मदरसे, कृषि भूमि व दुकानें व मकान तक दर्ज हैं। जिले की तीनों तहसील में **787** संपत्तियां पर मस्जिदें बनी हुई हैं। **268** संपत्तियों पर मस्जिदें बनी हुई हैं। **25** ईदगाह की संपत्तियां हैं। नौ मदरसे भी वक्फ की संपत्ति पर बने हैं। इन **1331** वक्त संपत्तियों में **27** संपत्तियां ही शिया वक्फ बोर्ड की दर्ज हैं। साथ ही यहां बताते चलें कि वक्फ संपत्तियां होती हैं जिनमें एक वक्फ अल औलाद अर्थात् यह ऐसी संपत्ति होती है जिसे कोई व्यक्ति मुस्लिम समुदाय को दान में देता है। इसका मकसद किसी व्यक्ति या परिवार के कल्याण के लिए होता है।

दूसरी होती है वक्फ अलल खैर अर्थात् यह ऐसी संपत्ति होती है जिसका मालिक कोई नहीं होता। इसका मकसद आम जनता के कल्याण के लिए होता है। इस संपत्ति की देखभाल की जिम्मेदारी वक्फ बोर्ड की होती है। वक्फ बोर्ड इस संपत्ति के लिए एक प्रबंधक यानी मुतवल्ली नियुक्त करता है।

# मैंथा फैक्ट्री को बंद कराने की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 'बचाओ एनजीओ' के सिमरन गुप्ता ने न्यायमूर्ति अध्यक्ष, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली के नाम उपजिलाधिकारी चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मुरादाबाद रोड स्थित मैंथा फैक्ट्री तथा ग्राम आटा बहजोई रोड पर स्थित मैंथा फैक्ट्री द्वारा निर्धारित एसओपी व एनजी का उल्लंघन किया जा रहा है एवं पर्यावरणीय क्षति कारित भी की जा रही है। उपरोक्त तीनों मैंथा फैक्ट्री द्वारा मानक से अधिक मात्रा में मैंथा संकलित किया जा रहा है तथा अवशिष्ट का निपटारा प्रबंधन समुचित तरीके से नहीं किया जा रहा है। मैंथा फैक्ट्री मिलों की चिमनी से निकलने वाली राख आसपास रहने वाले ग्रामीणों के घरों व खाने पीने के समान पर जम जाती हैं। साथ ही ज्ञापन में बताया गया कि कई वर्षो पूर्व टैक्स चोरी के मामले में एक मैंथा फैक्ट्री के मालिक को जेल जाना पड़ा था। सिमरन गुप्ता द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि उपरोक्त मैंथा फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाली राख व कैमिकल युक्त पानी लोगों के घरों में लगे नलों में आने के स्वास्थ्य हानि को देखने तत्काल रुप से बंद कराया जाये।



# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने किया डांडिया महोत्सव

**चन्दौसी।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति चंदौसी (रजि.) द्वारा गुरुवार को रामबाग धाम परिसर में नवरात्र के पावन पर्व पर द्वितीय बार डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया गया। षष्ठम नवरात्र कात्यानी के दिन उत्थान परिवार की महिलाओं ने मिलकर डांडिया का उत्सव किया। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि उत्थान समिति ने अहमदाबाद व कलकत्ता की तर्ज पर नवरात्र में डांडिया उत्सव पर गरबा व नृत्य कर सुंदर प्रस्तुति का आयोजन किया। समिति द्वारा पर्वों पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया महोत्सव के कार्यक्रम से पूर्व उत्थान परिवार में काफी उमंग व उल्लास है। डांडिया उत्सव में समिति की प्रत्येक महिला ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, रीना चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय, रागिनी, सीमा, मोनिका, महिमा, अनुराधा, अदिति, चांदनी, बीना, ऋतु, प्रियांशी, सुधा, वर्षा, रचना, श्रुति, दीपमाला, सविता, नमिता, एकता, पायल, कल्पना, रानू, नीरू, अनुभा, शालिनी, रागिनी, गुंजन, प्रियंका, दिव्या आदि सभी महिलाओं का पूर्ण सहयोग रहा।



# पत्नी से दहेज मांगने के आरोप में सिपाही पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पत्नी से चाल लाख रु. दहेज की मांग के लिए पत्नी को घर से निकालने के आरोप में पुलिस ने जिला मेरठ के थाना कंकरखेड़ा के मौहल्ला टीकाराम कॉलोनी नि० आरोपी कांस्टेबल अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला के मुताबिक आरोपी कांस्टेबल की वर्तमान तैनाती थाना चन्दौसी में है। महिला रिंकी नि. मोहल्ला टीकाराम, कंकरखेड़ा जिला मेरठ ने एसपी संभल को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि **28** नवंबर **2023** को उसकी शादी मौहल्ला टीकराम कॉलोनी नि० तथा वर्तमान में थाना चन्दौसी में तैनात पुलिस कांस्टेबल अमित कुमार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति समेत ससुर, सास व ननद दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे। असमर्थता जताने पर गाली- गलौंज व मारपीट की। इसके बाद उसके मायके वालों ने तीन लाख रु० ससुराल वालों को दे दिए। इसके बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा। बाद में ससुराल वालों फिर उससे दहेज की मांग करने लगे। महिला की तहरीर पर आरोपी पति अमित कुमार समेत ससुर रामनाथ, सास गीता देवी व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को टीका लगाकर व फूलमालाएं पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नव शैक्षिक सत्र **2025-26** जो कि **01** अप्रैल से शुरु हो चुका है। विद्यालयों में बच्चों का नामांकन शत-प्रतिशत हो उसको लेकर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड बहजोई के प्राथमिक विद्यालय कनेटा का निरीक्षण किया। विद्यालय में बच्चों के प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में आए छात्र-छात्राओं का रोली एवं चंदन का टीका लगाकर तथा फूल मालाओं से स्वागत किया तथा पुस्तकें भी दी गयीं। जिलाधिकारी ने बच्चों से बडे होकर उन्हें क्या बनना है, उसके विषय में भी जाना। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को टॉफी भी वितरित की गयीं। जिलाधिकारी ने लोगों में जागरुकता के लिए स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की चहारदीवारी को **07** फीट ऊंचा कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। विद्यालय की पैमाइश कराने के लिए भी निर्देश दिए तथा विद्यालय के बाहर नालियों को ढकने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया एवं विद्यालय की समस्त खिड़कियों पर मच्छरजाली लगाने के लिए निर्देश दिए विद्यालय में दो शेड बनाने एवं शेड के साथ-साथ जाली भी लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में साफ सफाई एवं पेंट कराने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया एवं बच्चों की उपस्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहे। जन्म प्रमाण पत्र को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि मिशन मोड पर कैंप लगाते हुए बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाएं। प्रधानाध्यापिका एवं विद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर अभिभावकों से मिलें एवं उनको प्रेरित करें।


जिलाधिकारी ने प्राइवेट स्कूल ग्रीन पार्क जूनियर हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, डीपीओ आईसी डीएस महेश कुमार, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर, प्रधानाध्यापिका विभो रानी एवं ग्राम प्रधान गिरिराज किशोर आदि उपस्थित रहे।




# हर वर्ष किताबें बदलकर लूटखसोट कर रहे स्कूल संचालक

## विभिन्न शुल्कों के नाम पर अभिभावकों को लूट रहे स्कूल संचालक

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** प्राइवेट स्कूल संचालक हर वर्ष फीस बढ़ाकर व किताबें बदलकर अभिभावकों की जेब पर डांका डाल रहे हैं। अधिकतर स्कूल संचालक मनमानी कर रहे हैं, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों के लिए कक्षा शिशु से लेकर कक्षा पांच तक की किताबें हजारों रुपए में खरीदनी पड़ रही हैं। प्राइवेट स्कूलों की किताबें विद्यालय द्वारा चयन की गई दुकान पर मिल रही हैं जहां दस रूपये वाली किताब की कीमत सौ रूपये में तथा पचास रुपये वाली किताब पांच सौ रूपये के प्रिंट रेट पर बिक रहीं है। कक्षा शिशु की किताबें एक हजार से लेकर तीन हजार रुपये में मिल रही हैं। वहीं प्रतिवर्ष एडमिशन फीस, बिल्डिंग फीस, पंखा फीस, खेल फीस आदि के नाम पर स्कूल संचालक मोटी रकम वसूल रहे हैं। अधिकतर स्कूलों में मासिक फीस प्रति महीना लेने की बजाय पूरे वर्ष की टोटल फीस एडमिशन के साथ ही जमा कर लेते हैं। बच्चों को ड्रेस व बैग आदि सामान भी विद्यालय से ही खरीदने को विवश होना पड़ता है। आज के समय में विद्या का घर कहे जाने वाले विद्यालय व्यापार केंद्र बन गए हैं। प्राइवेट विद्यालयों की मनमानी के चलते अभिभावकों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है जबकि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है लेकिन क्या शिक्षा के नाम पर अभिभावकों की जेबों से हो रही मनमानी वसूली इस अधिकार के सिद्धांत से मेल खाती है? निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से भारी फीस वसूली, अतिरिक्त शुल्क और अन्य अज्ञेय कारणों का हवाला देकर पैसे की मांग करना एक गंभीर मुद्दा बन गया है। पिछले कुछ सालों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है। स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली की प्रक्रिया में अब कोई पारदर्शिता नहीं रही। अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के फीस बढ़ा दी जाती है और कभी-कभी तो स्कूलों की ओर से भारी जुर्माने भी थोपे जाते हैं। इसके अलावा, कई निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त शुल्क जैसे कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी शुल्क, खेलकूद शुल्क आदि वसूलने का सिलसिला भी जारी है।




**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी, मुरादाबाद।**
**उत्तरा. वाद संख्या:** 56/2019
**वाद संख्या:** 791/2020
**तारीख पेशी:** 07.04.2025
**वीजन रियल स्टेट बनाम नूर मौहम्मद (मृतक)।**
1/1-श्रीमती नाजुक जहां आयु 40 वर्ष पत्नी स्व. नूर मौहम्मद, 1/2-मोहसिन नाबालिग आयु 16 वर्ष पुत्र स्व. नूर मौहम्मद द्वारा संरक्षिका नाजुक जहां माता सगी, 1/3-कु. शबाना आयु 14 वर्ष पुत्री स्व. नूर मौहम्मद द्वारा संरक्षिका नाजुक जहां माता सगी समस्त निवासीगण इस्लामनगर रम्पुरा तह.व जिला मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक नालिश बावत स्पेसिफिक परफारमेन्स के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 04 सन् 2025 ई0 वक्त 10.00 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहमद मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिनपर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हों।
आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा। दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 03 के माह 04 सन् 2025 को जारी किया है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी०, जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं०12 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**दण्ड निगरानी संख्या :** 380/2023
**तारीख पेशी:** 09.04.2025
**श्रीमती नबीला बनाम मौ. तल्हा उर्फ अरशू आदि।**
**बनाम**
श्रीमती नबीला आयु लगभग 21 वर्ष पत्नी मौ. अल्हा उर्फ अश्शू पुत्री अबू बकर निवासी मौहल्ला असालतपुरा बड़ी मस्जिद थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद।
**(निगरानी कर्तनी/परिवादनी)।**
**बनाम**
1. अनवार अहमद (ससुर) आयु लगभग 66 वर्ष पुत्र हबीबुल्ला, 2 श्रीमति फहमीदा (सास) आयु लगभग 49 वर्ष पत्नी अनवार अहमद समस्त निवासीगण इन्द्रिरा चौक होटल गुलशने करीम थाना मुगल पुरा, मुरादाबाद। (मूल परिवाद में मुल्जिमान/रेस्पोन्डेन्ट नं. 2 व 3)
चूंकि उपरिनामांकित निगरानी कर्तनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **उक्त दण्ड निगरानी** अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 04 के दिवस 09 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 06 को निकाली गयी है।
**न्यायालय**
**अपर जिला जज न्यायाधीश कोर्ट नं०-12, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं०12 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**दण्ड निगरानी संख्या :** 43/2024
**तारीख पेशी:** 09.04.2025
**श्रीमती नबीला बनाम मौ. तल्हा आदि।**
**बनाम**
श्रीमती नबीला आयु लगभग 21 वर्ष पुत्री अबू बकर पत्नी मौ. तल्हा उर्फ अश्शू निवासी मौहल्ला असालतपुरा बड़ी मस्जिद थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद।
**(निगरानी कर्तनी)**
**बनाम**
1. अनवार अहमद आयु लगभग 66 वर्ष पुत्र हबीबुल्ला, 2. श्रीमती फहमीदा आयु लगभग 49 वर्ष पत्नी अनवार अहमद समस्त निवासीगण मौहल्ला इन्द्रा चौक थाना मुगलपुरा जि. मुरादाबाद। (रेस्पोन्डेन्ट नं. 2 व 3)
चूंकि उपरिनामांकित निगरानी कर्तनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **उक्त दण्ड निगरानी** अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 04 के दिवस 09 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 06 को निकाली गयी है।
**न्यायालय**
**अपर जिला जज न्यायाधीश कोर्ट नं०-12, मुरादाबाद।**

# कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ जनरल नॉलेज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में कृष्णा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 के परिणाम की घोषणा के पश्चात भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष आयोजन के मुख्य अतिथि राजपाल सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, विद्यालय अध्यक्ष नरेश सिंह चौहान, विद्यालय अध्यक्ष गौरव चौहान, विद्यालय डायरेक्टर वरुण राय एवं विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ज्ञात हो कि कृष्णा छात्रवृत्ति परीक्षा 25 -26 का आयोजन दो स्तर पर गत १६ मार्च, 2025 को विद्यालय स्तर पर तथा 23 मार्च, 2025 को अंतर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रांगण में हुआ था। जिसमें २००० से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया था, आज उसका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय प्रांगण अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से खचाखच भरा हुआ था। छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में पुरस्कार को लेकर अपने-अपने बच्चों की आंखों में सपने दिखाई दे रहे थे, हर कोई यह सोच रहा था कि मेरा बच्चा ही स्टेज पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त करेगा। जिसमें अंतर विद्यालय स्तर पर ग्रुप ए नर्सरी टू यूकेजी में प्रथम पुरस्कार साइकिल फातिमा पुत्री मुर्शिद, द्वितीय पुरस्कार स्कूल बैग माहिरा पुत्री अफजाल अहमद, तृतीय पुरस्कार लंच बॉक्स प्रियांक चौहान पुत्र गौरव कुमार एवं चतुर्थ पुरस्कार वॉटर बॉटल संघर्ष पुत्र दीपक को दिया गया । ग्रुप बी क्लास १ जी तो ५ जी में प्रथम पुरस्कार दिव्यांशी चौहान पुत्री देवेश कुमार चौहान को, यानू चौहान पुत्री हर्षित कुमार चौहान को द्वितीय पुरस्कार ,अरफिया नूर पुत्री इरफान को तृतीय पुरस्कार एवं करण दीक्षित पुत्र मिस्टर संजीव दीक्षित को चतुर्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्रुप सी ६जी तो १२जी में प्रथम पुरस्कार साइकिल प्रेरणा चौहान पुत्री अजय चौहान, द्वितीय पुरस्कार निवेदिता चौहान पुत्री पंकज चौहान, तृतीय पुरस्कार मयंक नायक पुत्र अशोक नायक एवं चतुर्थ पुरस्कार दो बच्चों को संयुक्त रूप से शरद सिंह पुत्र प्रमोद सिंह एवं आरवी सिंह पुत्री अवतार सिंह को दिया गया। विद्यालय स्तर पर ग्रुप ए नर्सरी टू क्लास यूकेजी में प्रथम पुरस्कार कुलजीत कुमार को साइकिल देकर सम्मानित किया गया, द्वितीय पुरस्कार स्कूल बैग मोहम्मद अरमान पुत्र मुर्शिद अली, तृतीय पुरस्कार लंच बॉक्स मुसब्बिहा पुत्री रऊफ चतुर्थ पुरस्कार वॉटर बॉटल उन्जीला बी पुत्री मोहसिन अली को प्राप्त हुआ। ग्रुप बी फर्स्ट टू फिफ्थ में प्रथम पुरस्कार आर्य कुमार पुत्र जीत कुमार को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया, वहीं द्वितीय पुरस्कार कादिर पुत्र नूर हसन, तृतीय पुरस्कार मोहम्मद शाद पुत्र इरशाद अली, चतुर्थ पुरस्कार विशाखा पुत्री राजेश कुमार एवं चतुर्थ पुरस्कार निशित कुमार पुत्र रितेश कुमार को प्राप्त हुए। ग्रुप सी में प्रथम पुरस्कार प्रिंस राजपूत पुत्र अंकेश कुमार को साइकिल से सम्मानित किया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार स्कूल बैग परिधि चौहान पुत्री संजीव चौहान, तृतीय पुरस्कार लंच बॉक्स यश कुमार पुत्र राकेश कुमार, चतुर्थ पुरस्कार वॉटर बॉटल में परिधि पाल एवं तनु श्री यादव संयुक्त रूप से पुरस्कृत किए गए। इस बीच विद्यालय प्रांगण पुरस्कार वितरण के साथ-साथ तालिया की गूंज न से गूंजायमान रहा प्रत्येक बालक पर इस पुरस्कार वितरण की अमित छाप स्पष्ट दिखाई दे रही थी कि मुझे इस बार पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ तो क्या अगली बार प्रथम पुरस्कार मेरा ही होगा। विद्यालय प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों में छुपे हुए प्रतिभा को आगे लाने वाले ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। चेयरमैन गौरव चौहान ने बताया कि विद्यालय प्रत्येक स्तर पर हर परिवार के साथ शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वह किसी भी कमजोर वर्ग का क्यों ना हो। डायरेक्टर वरुण राय ने कार्यक्रम का संचालन बड़ी दक्षता के साथ किया उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रोग्राम बच्चों में उत्साहवर्धन का काम करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन राजपाल सिंह



चौहान , अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि शरीफ भारती, फैजुल्लागंज की ग्राम प्रधान छाया चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, मौलाना अब्दुल रहमान, अखिलेश चौहान, मुकेश विकट, हाजी अनी. सुररहमान, पूर्व प्रधान रामचंद्र सिंह एवं हजारों अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जागरूकता अभियान चलाकर दी यातायात नियमों की जानकारी

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति समय-समय पर जागरूक करती रहती है ताकि वाहन चलाते समय सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश



लगाया जा सके। बाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस कभी मौखिक रूप से समझाती है तो कभी पोस्टर, पम्पलेट बाँटकर इसी क्रम में गुरुवार को भगतपुर थाना पुलिस द्वारा यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया इस दौरान उपनिरीक्षक गोविंदा सिंह नें वाहन चालकों एवं सड़क पर गुजर रहे ग्रामीणों को पोस्टर पम्पलेट देकर समझाते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया, उन्होंने राहगीरों को समझाते हुए बताया वाहन चलाते समय हमें जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, जैसे की नशे की हालत में गाड़ी न चलाये, गाड़ी चलाते समय मोबाइल व एयरफोन का प्रयोग नकरें, गति सीमा का पालन करें, गाड़ी चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाए, दो पहिया वाहन चलाते समय दोनों सवारी हेलमेट का प्रयोग करें, ओवरलोड वाहन को नहीं चलाये, वाहन सही दिशा में ही चलाएं, गाड़ी चलाते समय हमेशा यातायात के नियमों का पालन करें। जीवन अनमोल है लापरवाही करते हुए इसे नहीं गवाएं। आपकी लापरवाही की वजह से आपके परिवार को जिंदगी भर का दुख सहना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को भी यातायात नियमों के बारे में बताया, वही भगतपुर थानाध्यक्ष रविंद्र द्वारा क्षेत्र में लगातार यातायात नियमों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# गांधी स्मारक महाविद्यालय में किया गया योगा के प्रति जागरूक

**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय में एड ऑन कोर्स के अंतिम दिन डॉ० हरेन्द्र सिंह एच० ओ०डी० शारीरिक शिक्षा विभाग आर. वि. नोर्थलेण्ड संस्थान दादरी तथा डॉ० संदीप कुमार एच०ओ०डी० शारीरिक शिक्षा विभाग स.स.स.स.पी.जी. कालेज रासना मेरठ ने ऑनलाईन मोड पर कोर्स में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को व्याख्यान दिया। व्याख्यानों में योग का जीवन महत्व, योग के द्वारा रोगों को कैसे दूर रख सकते हैं, अच्छे आहार में क्या-क्या होना चाहिए इन सब के बारे में विस्तार से बताया। वही दूसरी ओर महाविद्यालय परिसर विभाग के द्वारा भारतीय महिलाओं की खेल में भूमिका विषय पर बेवीनार का आयोजन किया गया। बेवीनार में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० भूपेन्द्र सिंह ने भी व्याख्यान प्रस्तुत किया।



# सेवानिवृत शिक्षकों को समारोह पूर्वक दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गुरूवार को उत्तर प्रदेशीय जू० हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ठाकुरद्वारा द्वारा सेवा. निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह बी० आर० सी० पर आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष रोकेश कुमार एव चन्द्रवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार ने इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए गुरुजी जियाउल इस्लाम को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार, सुभान विनय कुमार, सुमित कुमार, मनोजकुमार राजपूत, लक्ष्मी आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे और गुरुजनों के सुखी-समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर जियाउल



उस्लाम एवे यासीन खां ने अपने शैक्षिक अनुभवों को साझा करते हुये हम सभी का मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर आशीष कुमार, आलोक कुमार, संजय भारती हरपाल सिंह, कृष्ण कुमार गौतम, अंशु, अर्चना, सुनीता, स्वेता रस्तोगी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यासीन खां एवं संचालन शिखा गुप्ता ने किया।

# अश्लील वीडियो बनाते युवक को दबोचा

**मुरादाबाद।** शौचालय में महिला की अश्लील वीडियो बनाते युवक को दबोच लिया। बताते चले कि थाना सिविल लाइन थाने के जिला अस्पताल में एक युवक ने महिला को शौचालय के बाहर पति को खड़ा किया था, फिर युवक ने दूसरी शौचालय से वीडियो बनाना शुरू किया। महिला ने शिकायत की, फिर पति और अन्य लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की।

# युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव दादुपुर निवासी युवक के खिलाफ घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में कहा है कि १७वर्षीय बेटी नानी के घर ईद-उल-फितर की मेहमानदारी करने गई।चार दिन पहले मामा के कमरे में सो रही थी। रात को साढ़े ग्यारह बजे पड़ोसी नजाकत का बेटा अरबाज कमरे में घुस आया।

# छह अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियां पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हैं उत्सव अभियान के दौरान पार्टी की स्थापना दिवस ६ अप्रैल से बाबा साहेब भीमराव





अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक पार्टी व्रत कार्यक्रम चलाएगी बृहस्पतिवार को जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में आयोजित कामकाजी बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना तैयार की गई आगामी 06 अप्रैल को लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं वाले दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना-रचना हेतु बैठक को सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसका एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्रनिर्माण के इस यज्ञ में पूर्ण रूप से समर्पित है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी शराष्ट्र प्रथमश के संकल्प के साथ जन-जन का विश्वास जीत रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में पदाधिकारी को व्रत लेते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इसी दौरान महिला मोर्चा द्वारा ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर जिले के सभी बूथों में उनके चित्र पर पुष्पांजलि दी जाएगी जहां बाबा साहब की मूर्ति है वहां स्वच्छता अभियान चलाते हुए मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता पर किए गए कार्यों की चर्चा की जाएगी बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, राजपाल सिंह चौहान, गौ रक्षा सेवा सदस्य दीपक गोयल, चौधरी हुकम सिंह, आचार्य नरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक चौधरी राजेश कुमार चुन्नू, नवीन चौधरी ऋषिपाल चौधरी, कमल प्रजा. पति, हर ज्ञान जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, आईटी संयोजक आदित्य, राजपाल आर्य, चकित चौधरी,बलेचरण वाल्मीकि, डॉ विश्वास डॉरामकिशोर सिंह, आदेश चौधरी, सुमन देवी, अरुण पंडित, अमन ठाकुर, धर्मपाल विश्नोई 16 मंडल के मंडल अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर विवाहिता को जहर पिलाया, उपचार के दौरान मौत

**भोजपुर।** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने थाना छजलैट निवासी ग्रामीण की तहरीर पर बाप-बेटे के खिलाफ दहेज में एक लाख रुपए की नकदी और बुलेट बाइक की मांग को लेकर बहन को जबरन तेजाब पिलाकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। छजलैट के गांव दयानाथपुर निवासी अमित कुमार पुत्र फूल सिंह ने अपनी बहन सोमती का विवाह 12 मार्च 24 को भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्रहमान निवासी दारा सिंह के बेटे सोनू के साथ किया था। विवाह में सामर्थ्य के अनुसार बहन को दान दहेज दिया था। ग्रामीण का कहना है कि पति और ससुर दहेज में एक लाख रुपए नकदी और बाइक की अतिरिक्त मांग को लेकर बहन का उत्पीड़न करने लगे। बहन उनके अत्याचार सहन करती रही।

बीस अक्टूबर को आरोपियों ने बहन को जबरदस्ती तेजाब पिलाकर हत्या का प्रयास किया। बहन की ससुराल गया तो गांव वालों के समझाने पर उस समय कोई कार्रवाई नही की। और बहन का जिला मुख्यालय पर स्थित निजी अस्पताल में उपचार कराया था। 15 मार्च 25 को आरोपियों ने बहन के साथ मारपीट की और हत्या करने के उद्देश्य से दोबारा जबरदस्ती तेजाब पिला दिया। आरोपियों को पकड़ने को पुलिस ने दबिश दी तो घर पर ताला लगा मिला। पुलिस शीघ्र ही हत्यारों को सलाखों के पीछे पहुंचाने की बात कह रही है।

## कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां जनपद मुरादाबाद।

**पत्रांकः**- 07/न0प0उ0क०/2025-26 **दिनांकः**- 03.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण/पंजीकृत विक्रेताओं/सप्लायर्स आदि को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उमरी कलां द्वारा संचालित कान्हा पशु आश्रय गौशाला में संरक्षित निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष 2025-26 में गेहूं भूसा, हरा चारा, साइलेज, खल गोली पशु आहार, चौकर मिनरल मिक्चर, नमक, गुड़ आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से दिनाँक 15.04.2025 दोपहर 01:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त सामग्री की आपूर्ति की निविदा दिनांक 15.04.2025 को 02:00 PM बजे कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां, मुरादाबाद में उपस्थित/अनुपस्थित ई-निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदा आमंत्रणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह की जाती है कि यह नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट करें। अन्य नियमों व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत उमरी कलां जनपद मुरादाबाद द्वारा संवालित कान्हा गौशाला में संरक्षित निराश्रित गोवंश के मरण पोषम हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में गेहूं भूसा हरा चारा खल गोली पशु आहार चौकर साईलेज, नमक, गुड मिनरल मिक्चर आदि सामान की आपूर्ति कार्य। | 500+90 (GST) =590/- | रू. 10000/- |

| S.NO | Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document publish date | 04.04.2025 | 12.00 PM |
| 2 | Bid submission start date | 04.04.2025 | 02.00 PM |
| 3 | Bid submission end date | 17.04.2025 | 01.00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening date | 17.04.2025 | 02.00 PM |
| 5 | Financial Bid Opening date | After Approval Of Technical Bid | |

**( श्वेतांक सारस्वत )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**( मुरादाबाद )।**

**( मौहम्मद उस्मान अली )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**( मुरादाबाद )।**

## बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री निशा बानो पत्नी नफीस अहमद पुत्री सादुल हसन नि० ग्राम औरंगाबाद तहसील व जिला अमरोहा गलत संगत में पड़ गई है ओर मेरी व मेरे दामाद नफीस अहमद की गैर मर्जी से किसी के साथ निकाह कर लिया है ओर मेरे दामाद के घर से चीज जेवर ओर रूपए लेकर दिनांक 14.03. 2025 को मेरे घर आकर यही से फरार हो गयी हैं जिसे मैंने अपने रिस्ते से आजाद कर दिया है । तथा इससे अपनी बेटी का रिश्ता खतम कर दिया हैं। इसके गलत व्यवहार व चलन की वजह से में इसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगी। मेरा व मेरे परिवार व मेरे दामाद का उक्त निशा बानो से कोई मतलब वास्ता ना होगा।

**सादुल हसन पुत्र अलीम निवासी ग्राम बकनिया थाना पाकबड़ा जिला मुरादाबाद।**

## आवश्यकता है

**लोकमणि मैमोरियल डिग्री कालेज**

(सम्बद्ध गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

कादराबाद खुर्द, स्योहारा बिजनौर में

विषय वाणिज्य, गृहविज्ञान, कम्प्यूटर साइंस में प्रवक्ताओं के अतिरिक्त व कम्प्यूटर ऑपरेटरों की आवश्यकता है। वेतन यू.जी.सी. मानकानुसार।

आवेदन की अन्तिम तिथि 12.04.2025

— सम्पर्क सूत्र- डॉ. ए.के. मिश्र —

9412449270
6368126005

College E-mail: lokmanipgcollege733@gmail.com

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं०12 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

**दण्ड अपील संख्या :** 06/2024

**धारा-29 D.V.Act. 2005**

**तारीख पेशीः** 09.04.2025

**श्रीमती नबीला बनाम मौ. तल्हा उर्फ अरशू आदि।**

**बनाम**

श्रीमती नबीला आयु लगभग 21 वर्ष पुत्री अबू बकर पत्नी मौ. तल्हा उर्फ अश्शू निवासी मौहल्ला असालतपुरा बड़ी मस्जिद थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद। **( अपीलकर्तनी )।**

**बनाम**

1. श्रीमती फहमीदा (सौतेली सास) आयु लगभग 49 वर्ष पत्नी अनवार अहमद, 2. अनवार अहमद (ससुर) आयु लगभग 66 वर्ष पुत्र नामालूम, 3. श्रीमति सना (जेठानी) आयु लगभग 33 वर्ष पत्नी मौहम्मद फैसल, 4. मौहम्मद फैसल (जेठ) आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र अनवार अहमद, 5. अब्दुल रहमान (देवर) आयु लगभग 27 वर्ष, 6. मौहम्मद अयान (देवर) आयु लगभग 23 वर्ष पुत्रगण अनवार अहमद, 7. अनमता (नन्द) आयु लगभग 25 वर्ष पुत्री अनवार अहमद समस्त निवासीगण इन्द्रिरा चौक होटल गुलशने करीम थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद। (रेस्पोन्डेन्ट नं0 2 ता. 8)।

चूंकि उपरिनामांकित **अपीलकर्तनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **उक्त दण्ड अपील** अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 04 के दिवस 09 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 06 को निकाली गयी है।

**न्यायालय-अपर जिला जज न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-12, मुरादाबाद।**

# दहेज उत्पीड़न में पति सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में बीस लाख रूपये की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरजननगर निवासी काजल पुत्री राजेश कुमार ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 15 अक्टूबर 2023 को जनपद महेंद्रगढ़ थाना निजामपुर के गांव ढोलेरा निवासी विजय यादव पुत्र कैलाश चंद्र के साथ हुई थी। शादी में मेरे पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। शादी में मिले दहेज से नाखुश उसके वाले आए दिन दहेज में २० लाख रूपये की मांग करते हुए गर्भवती विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि दहेज की खातिर दहेज लोभियों नें एक राय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए गर्भवती विवाहिता को घर से सात माह पूर्व निकाल दिया। मायके में जो बच्चो पैदा हुआ वह २० घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी कर ली। विवाहिता ने चौकी सुरजननगर पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इसके बाद विवाहिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने विवाहिता के पति जनपद महेंद्रगढ़ थाना निजामपुर के गांव ढोलेरा निवासी विजय यादव पुत्र कैलाश चंद, ससुर कैलाशचंद्र, अचो देवी, अजीता यादव, वीरेंद्र यादव, विरमा देवी, परवीन कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** ईद पर ससुराल आए दामाद के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्राखंड उद्यम सिंह नगर थाना कुंडा के गांव सरवरखेड़ा निवासी अख्तर अली पुत्र अकबर अली ने तहरीर देकर बताया कि ईदुल फितर ३१ मार्च 2025 को अपनी पत्नी रूबि, सास हसीना, व साला फैजुल ईद मिलने अपनी सढढीयानी कमर जहां के घर कोतवाली ठाकुंरद्वारा क्षेत्र के गांव कालाझांडा गए थे।

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

पत्रांक – 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 02.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 01-DRM-MB-25-26 dt. 02.04.2025 | 02-DRM-MB-25-26 dt. 02.04.2025 | 03-DRM-MB-25-26 dt. 02.04.2025 |
|---|---|---|---|
| Name of work | Balance work of LHS No. 7, 50 (BE-CH) section under ADEN/CH. | Balance work of LHS No. 31 (BE-CH), 1(RJK-SHTS) section under ADEN/CH. | Provision of covering at LHS no. 16 (CH-BE) & 76 (CH-HGJ under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 25.04.2025 | 25.04.2025 | 25.04.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,87,00,521.87 | 2,32,82,153.87 | 1,87,00,422.84 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,43,500.00 | 2,66,400.00 | 2,43,500.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 11.04.2025 | 11.04.2025 | 11.04.2025 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month | 06 Month |

1006/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )।

**पत्रांकः**- 08/न0प0भो0धर्म0/2025-26 **दिनांकः**- 03.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2024-25 में ''मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY योजना'' के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.04.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 04.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक-07.05.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर बॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 02.15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**( नीतू सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर**
**( मुरादाबाद )।**

**( फरखन्दा जबीं )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर**
**( मुरादाबाद )।**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी संभालेंगे क्रिकेट परिषद की कमान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह गुरुवार से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एशिया विश्व क्रिकेट की धड़कन बना हुआ है और मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्डों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर हम नए अवसरों को खोलेंगे, अधिक सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### रमन सुब्रमण्यन फिर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद, वार्ता।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फिर, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है।

### लाहौर में पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरु

**लाहौर, वार्ता।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

# नए आत्मविश्वास के साथ लखनऊ से भिड़ेगी मुंबई




**मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है**

**कप्तान पंत की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय**

**लखनऊ, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी।

मुबंई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है। लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुंबई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी। एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10-22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिए सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है।

# खराब बैटिंग के कारण हारी आरसीबी

● गुजरात आठ विकेट से जीता, सिराज बोले कि बेंगलुरु आकर थोड़ा इमोशनल हो गया



**बेंगलुरु, वार्ता।** 18वें सीजन में घरेलू मैदान पर पहली बार खेलने उतरी रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 40 गेंद के अंदर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्कोर 200 के करीब नहीं जा सका। बेंगलुरु ने 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। गुजरात ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 49 और जोस बटलर ने 73 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को 3 विकेट मिले। आरसीबी से लियम लिविंगस्टन ने 54 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बालिंग करने उतरी गुजरात से मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड कर दिया। उन्होंने फिर पांचवें ओवर में फिल साल्ट को भी बोल्ड किया। सिराज ने अपना स्पेल 19 रन पर 3 विकेट लेकर खत्म किया। मैं थोड़ा इमोशनल हो गया, मैंने यहां 7 साल तक आईपीएल खेला है। जर्सी का कलर लाल से नीला होना मेरे लिए इमोशनल रहा। मुझे रोनाल्डो बहुत पसंद हैं, इसलिए विकेट लेने के बाद उनकी तरह सेलिब्रेट करता हूं। टीम इंडिया से ब्रेक मिला तो मैंने अपनी फिटनेस और गलतियों पर काम किया। गुजरात में शामिल होने के बाद मैंने आशीष नेहरा से बात की। उन्होंने मुझे एंजाय करने के लिए कहा। ईशांत भाई ने मुझे बताया कि किस लाइन पर बालिंग करनी है। मेरा माइंडसेट यही है कि बस खुद पर भरोसा करना है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए साई ने आरसीबी बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 22 रन दिए, उन्होंने जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या को पवेलियन भी भेजा। 5वें ओवर में गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया। यहां से बटलर ने सुदर्शन के साथ 75 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 73 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। 170 के टारगेट के सामने गुजरात को ओपनर सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने 36 गेंद पर 49 रन बनाए।

# सूर्या ने किए रामलला के दर्शन

**सूर्यकुमार यादव के अलावा दीपक चाहर और कर्ण शर्मा समेत अन्य खिलाड़ी भी पहुंचे**



**अयोध्या, वार्ता।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विरा. जमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बात. चीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निद. ेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई-जी- प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

### हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी, वार्ता।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट में खेला जाएगा।

# आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे जैकब डफी

**2018 के बाद टॉप पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। डफी ने नंबर-1 का ताज वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन को हटा कर हासिल किया है।

उन्होंने पाक के खिलाफ 2 टी-20आई मैचों में 5 विकेट झटके थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। डफी को चार स्थान का फायदा डफी ने चार पायदान का छलांग लगाया है। उनके 723 अंक हो गए हैं। वहीं अकील दूसरे स्थान पर हैं। उनके 714 अंक हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (706 रेटिंग) को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा भी एक-एक पायदान नीचे लुढ़क गए हैं। रशीद चौथे पर जबकि हसरंगा पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। जम्पा छठे नंबर चले गए हैं। इसके बाद नंबर-7 से लेकर नंबर-10 के गेंदबाजों की पाजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में लिए 13 विकेट डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 13 विकेट लिए। जिसमें एक मैच में उन्होंने 14 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड ने सीरीज को 4-1 से जीता। 2018 के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टी-20 में टाप पर पहुंचा डफी 2018 के बाद टी-20 में टाप रैंकिंग पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड गेंदबाज बन गए हैं। 2018 में ईश सोढ़ी ने टी-20 में टाप पर पहुंचे हैं। 2020 में डफी ने टी-20आई में किया डेब्यू डफी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20आई डेब्यू किया। उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 32 विकेट लिए हैं।

# गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी

**दिसम्बर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला, वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया आस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच होगा। टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर, मैच अधिकारी घोषित

● छह टीमों का यह टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल तक पाक में होगा

**दुबई, वार्ता।** इस महीने होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल के बीच पाकिस्तान में होगा, जिसमें दो शीर्ष टीमें इस साल के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी। पैनल में 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल होंगे, जबकि मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व फैजल खान अफरीदी और सलीमा इम्तियाज अंपायरिंग पैनल में करेंगे। पिछले साल सलीमा आईसीसी अंपायरों के पैनल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली महिला बनीं थीं। उन्होंने उस समय कहा था कि वह एशियाई देश के अंपायरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगी। सलीमा ने कहा कि यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। आईसीसी मीडिया स्टेटमेंट के अनुसार, बांग्लादेश के पैनल में मसुदुर रहमान मुकुल और शतीरा जाकिर जेसी के रूप में दो अंपायर भी हैं, जबकि जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना के साथ डोनोवन कोच, बैब्स गकुमा, कैंडेस ला बोर्डे, डेड्डुनु डी सिल्वा और शॉन हैग भी शामिल हैं। अली नकवी, शैंड्रे फिट्ज़ और ट्रुडी एंडरसन मैच रेफरी के रूप में मौजूद रहेंगे और आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पूरे पैनल को अपनी साख दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। ईज़ी ने कहा कि यह हमारे नियुक्त मैच अधिकारियों के लिए एक रोमांचक अवसर है, जो इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की देखरेख कर रहे हैं, जो विश्व कप की राह पर टीमों के लिए अंतिम कदम है। हमारे अधिकारी अनुभवी और अच्छी तरह से तैयार हैं, और हम उन्हें इस आयोजन में भाग लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

**रेफरी:** अली नकवी (पाकिस्तान), शैंड्रे फिट्ज़ (दक्षिण अफ्रीका), ट्रुडी एंडरसन (न्यूजीलैंड)।

**अंपायर:** बैब्स गकुमा (द. अफ्रीका), कैंडेस बोर्डे आदि।

# इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप : कोच एडवर्ड्स



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशा. जनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय स कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा।

नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें।

# कोलकाता ने हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया

● हैदराबाद के ट्रैविस हेड पहले ओवर में आउट, वैभव अरोड़ा ने कैच कराया

**कोलकाता, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए।

आईपीएल के 18वें सीजन में 7वीं बार स्कोर 200 तक पहुंचा। एसआरएच ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर पहले ओवर में आउट हो गए, उन्हें वैभव अरोड़ा ने कैच कराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा के साथ ओप. निंग उतरे ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर कैच आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने ओवर की दूसरी ही गेंद पर





पवेलियन भेज दिया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे हर्षल पटेल ने 13 रन खर्च किए। इस ओवर में दो विकेट गिरे। आंद्रे रसेल (1 रन) रनआउट हुए, जबकि वेंकटेश अय्यर को हर्षल ने अनिक. ेत वर्मा के हाथों कैच कराया। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में लगातार चार बाउंड्री लगाई। इसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में वेंकटेश अ"यर ने लगातार दो चौके लगाए। जबकि रिंकू सिंह ने एक छक्का जड़ा। 13वें ओवर में कोल. काता ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने हर्षल पटेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बाल पर अंगकृष ने फिफ्टी पूरी की थी। 12वें ओवर की पहली बाल पर अंगकृष रघुवंशी को जीवनदान मिला। नीतीश रेड्ड्डी से मिडविकेट पर उनका कैच ड्राप हो गया। यहां रघुवंशी 43 रन पर खेल रहे थे। इसी ओवर में टीम का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। जीशान ने 81 रनों की साझेदारी तोड़ी। 8वें ओवर में अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंश ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 16 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

# राशन विक्रेता की जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** विकास खंड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत निवाड़खास निवासी शंकर सिंह पुत्र सोमपाल सिंह ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव का ही सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता मनोज सिंह की जांच और काफी अपात्र लोगों के अन्यतोदय राशन कार्ड बनाए हैं शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है राशन डीलर द्वारा कार्डधारक को निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण किया जा रहा है लाभार्थियों का आरोप है की प्रति यूनिट ५ किलो राशन के स्थान पर केवल ४ किलो ही दिया जा रहा है जिससे हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं स्थानीय कार्ड धारकों का कहना है कि जब भी राशन लेने जाते हैं तो पूरा राशन नहीं दिया जाता है विरोध करने पर राशन डीलर द्वारा राशन से वंचित करने की धमकी देता है। ओर मारपीट पर आमादा होता है राशन विक्रेता को सरकार द्वारा दिए गए राशन व चीनी को बाजार में बेचकर घटिया राशन वितरण करता है। कार्ड धारकों को गेहूं में मिट्टी ओर चावल में कंक्रीट मिलाकर वितरण करता है राशन विक्रेता कार्ड धारकों को पोस मशीन पर अंगूठा लगाने के बाद मशीन से पहले राशन को पूरा काटता है और फिर अंगूठा लगवाने के बाद राशन पूरा तोलकर बाद में 5 किलो की जगह 4 किलो देता है जब राशन कार्ड धारक 5 किलो राशन लेने के लिए कहते हैं तो डीलर द्वारा कहा जाता है कि मुझे विभाग का भी तो खर्चा पानी निकलना होता है कार्ड धारकों के द्वारा राशन विक्रेता से शिकायत करने पर राशन कार्ड खत्म कर देने की धमकी देता है राशन विक्रेता दबंग किस्म का होने के कारण कार्ड धारकों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और उनको जान से मारने की धमकी भी देता है कहता है कि मेरे खिलाफ कार्यवाही करने का अंजाम तो तुम्हें झेलना ही पड़ेगा क्योंकि मेरा कोई कुछ नहीं विगाड़ सकता में आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों पर्यवेक्षक अधिकारी वितरण से संबंधित अधिकारियों को हिस्सा देता हूं, शिकायत कर्ता का यह भी आरोप है, राशन डीलर ने गांव में जिनके पास चार पहिया वाहन, आलीशान मकान कई एकड़ जमीन है राशन विक्रेता अपनी मर्जी से ग्राम सचिव के द्वारा बिना किसी जांच के राशन कार्ड निरस्त करवा देता है राशन



विक्रेता राशन का वितरण अपने घर पर ही करता है। अंतोदय राशन कार्ड धारकों की पात्रता की जांच कराई जाये।

शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के संबंध में गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एंव पूर्ति निरीक्षक द्वारा मौके पर जाकर शिकायत कर्ताओ कि शिकायत को सुना गया, इस सम्बंध में पूर्ति निरीक्षक सन्तोष कुमार से जानकारी कि तब उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने राशन डीलर द्वारा कार्ड धारकों को कमराशन दिए जाने और गलत व्यवहार किये जाने की शिकायत की थी इसकी जांच अभी क्रिया अधीन है स इस जांच के दौरान भारी संख्या में कार्डधारक व ग्राम प्रधान मौजूद रहा।

# पुस्तक विक्रेताओं की मौज

## दुकानों पर लग रही ग्राहकों की लाइन

**चन्दौसी।** नव शैक्षिक सत्र 2025-26 जो कि ०1 अप्रैल से शुरु हो चुका है। अब स्कूली छात्र अगली कक्षा में पहुंच गये हैं। अब उन्हें नया कोर्स खरीदना है। लगभग सभी विद्यालय अपना-अपना परीक्षा परिणाम घोषित कर चुके हैं। अभिभावक बच्चों को अग्रिम कक्षा के लिए किताबें खरीदने के लिए नियत पुस्तक भंडार से किताबें खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। यहां बताते चलें कि प्रत्येक प्राईवेट स्कूल द्वारा पुरानी किताबें निष्प्रोज्य कर दी जाती हैं। हर वर्ष नये कोर्स अभिभावकों पर थोपे जाते हैं। वहीं कुछ विद्यालय आज भी पुरानी




पुस्तकें पिछले कक्षा के छात्र- छात्राओं को उपलब्ध करा रहे हैं। हालांकि सबका कन्टेंट एक ही है लेकिन कुछ स्कूल अधिक लाभ के लिए किताबों को बदल रहे हैं। इधर कोर्स स्कूल द्वारा बतायी गये पुस्तक भंडार पर मिलेगा अन्य दूसरे के पास नहीं मिल सकता। कमीशन खोरी के चलते अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। फिलहाल इस समय पुस्तक भंडारों की मौज है। बताते हैं कि नगर के सीतारोड स्थित आरआरके स्कूल ने पूरा कोर्स ही बदल दिया है और पुराने कोर्स पर पाबंदी लगा दी है।

## एक नजर

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में जागरूकता रैली निकाली गई

**कुंदरकी।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में जागरूकता रैली निकाली गई ।इस रैली में एएनएमप्रेमलता शर्मा ,आंगनवाड़ीकार्यकत्री राजो और योगेश,सुमन ने हिस्सा लिया ।रैली का उद्देश्य




समस्त ग्रामवासियों को संचारी रोग फैलने के कारणों को विस्तार में समझाना था जिसमें सतीश कुमार ,कुलदीप कुमार शर्मा,कमाल हैदर और सुचिता दुबे की सक्रिय भूमिका रही ।बच्चों ने उत्साह के साथ रैली निकाली।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की बिलारी में अब नहीं खैर

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लिए अब खैर नहीं है, बिलारी में ट्रैफिक पुलिस ने शराब और नशा मुक्ति के प्रति अभियान चलाया हुआ है। जिसके लिए वाहन चालकों को चेकिंग के लिए मशीन के जरिए पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि कोई वाहन चालक शराब तो नहीं पिए हुए हैं, शराब पीकर



वाहन चलाने पर उसे पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जाएगी। बिलारी की गांधी मूर्ति पर पार्क ट्रैफिक व स्थानीय पुलिस ने वाहन चालकों को शराब न पीने की हिदायत दी।

इस बीच आने वाले बड़े वाहन चालकों को मशीन लगाकर चेक किया गया कि कोई अल्कोहल का प्रयोग तो नहीं किए हुए हैं। फिलहाल बिलारी में पुलिस को कोई भी ऐसा वाहन चालक नहीं मिला। जिसने अल्कोहल का प्रयोग करके वाहन को चलाया हो। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बिलारी में यह अभियान निरंतर चलेगा और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं है, उनका चालान काटा जाएगा यहां तक की वाहन भी सीज करने की कार्यवाही की जा सकती है।

### वार्षिक परीक्षा फल का किया वितरण

**बिलारी।** आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में वार्षिक गृह परीक्षा का परीक्षा फल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक हनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर तथा परीक्षा फल देकर सम्मानित किया। कॉलेज प्रबंधक को प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने माला पहनकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता सुदेश कुमार ने किया तथा अंत में आभार कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार शर्मा ने व्यक्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं की खुशी का अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया।

# टिमिट में बिजनेस क्विज का आयोजन, एमबीए छात्रों ने दिखाई व्यावसायिक दक्षता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए छात्रों के लिए एक बिजनेस क्विज का आयोजन किया गया। इस सह-पाठ्यक्रम गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यावसायिक ज्ञान, तार्किक क्षमता और निर्णय लेने के कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल में सुबह 11:00 बजे से किया गया, जिसमें एमबीए के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज में व्यवसाय प्रबंधन, अर्थशास्त्र, उद्यमिता, वित्तीय मामलों, विपणन रणनीतियों, कॉर्पोरेट मामलों और समसामयिक घटनाओं से जुड़े रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों को टीमों में विभाजित किया गया और विभिन्न प्रतिस्पर्धी राउंड्स के माध्यम से उनकी व्यावसायिक समझ, विश्लेषणात्मक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को परखा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी व्यापारिक समझ, समस्या समाधान कौशल और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के विभिन्न दौरों में रैपिड फायर, केस स्टडी एनालिसिस, पिक एंड स्पीक, और प्रैक्टिकल बिजनेस सिचुएशन जैसे चुनौतीपूर्ण सेगमेंट शामिल थे, जिनमें छात्रों ने अपनी व्यावसायिक रणनीति और तर्कशक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे क्विज न केवल ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी होते हैं, बल्कि यह छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता, समस्या समाधान क्षमता, टीम वर्क और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता को भी विकसित करते हैं। बिजनेस की दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि व्यावहारिक समझ और त्वरित सोच भी जरूरी होती है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने व्यावसायिक कौशल को और अधिक निखारें। बिजनेस क्विज के अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने इस आयोजन को बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मुकेश तोमर और सुश्री वैशाली द्वारा किया गया, जिन्होंने क्विज की रूपरेखा तैयार करने और इसे सफलतापूर्वक संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने टिमिट के छात्रों को न केवल बिजनेस और मैनेजमेंट की गहरी समझ प्रदान की। बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना को भी मजबूत किया।




## रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर पर उमड़ रही भीड़

**चन्दौसी।** नवरात्र चल रहे हैं। श्रद्धालु नवरात्रों का व्रत रखकर देवी मां की आराधना कर रहे हैं। सुबह से ही देवी मंदिरों पर भीड़ लग जाती है। नगर के रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर जहां नौ देवियों का स्वरुप विराजमान है। श्रद्धालु सुबह से ही देवी मां की पूजा-अर्चना के लिये मंदिर पहुंच जाते हैं। यह मंदिर लगभग आठ दशक से पुराना बताया जा रहा है। महिलाएं, बच्चे व पुरुष सिद्धिदात्री मंदिर में पूजा पाठ के लिए पहुंचते हैं।

वहीं बराबर में बालाजी मंदिर भी स्थापित किया गया है। यहां बताते चलें कि सिद्धिदात्री मंदिर की काफी मान्यता है और लोग महाआरती में सम्मिलित होते हैं। साथ ही रामबाग धाम परिसर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई। साथ ही दीवारों पर रामायण के विभिन्न प्रसंगों का चित्रण किया गया है जिसकी शोभा देखते ही बनती है। सैकड़ों की संख्या में दर्शक भगवान श्रीराम की प्रतिमा के दर्शन को पहुंचते हैं।

# कक्षा 8 का विदाई समारोह विहान बालिका आवासीय विद्यालय में हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्तपोषित, वर्ष 2015 से संचालित विहान बालिका आवासीय निर्माण श्रमिक विद्यालय, आशियाना कालोनी मुरादाबाद वर्तमान मे समाजशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वार संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय मे कक्षा 8 की छात्राओं का विदाई सम्मान समारोह मे सर्वप्रथम कक्षा 7 की छात्राओ ने कक्षा 8 की छात्राओ से कार्यक्रम का रीबिन काटकर व तिलक लगाकर स्वागत किया फेयरवेल पार्टी मे छात्राओ को विभिन्न टाइटल से सम्बोधित किया गया! इसके बाद विभिन्न क्विज के जवाब देकर, और डांस आदि का प्रोग्राम हुआ कक्षा आठ की छात्राओ सोनिया, प्रतिज्ञा, महक,काशिश, मे से प्रतिज्ञा को मिस फेयरवेल चुना



गया। मिस फेयरवेल को ताज पहनाया गया कार्यक्रम मे 8वीं की पास आउट छात्राओ ने विहान बालिका आवासीय विद्यालय के अपने अपने अनुभव बताए साथ ही विद्यालय विहान आवासीय विद्यालय कक्षा 8 से आगे तक नहीं होने पर निराशा भी प्रकट की विद्यालय की शिक्षिकाओ के द्वारा विस्तार से उनको अच्छा नागरिक बनने और आगे पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। फेयरवेल पार्टी का संचालन छात्रा भक्ति,अंशु ने किया उनका सहयोग शिक्षिका शोभा तिवारी ने किया। आवासीय विद्यालय के लेखाकार मोहसिन खान ने बताया कि इस सत्र मे कक्षा 8 मे पास आउट होने वाला विहान बालिका आवासीय विद्यालय का 10 वा छात्राओ का बैच है। सर्वप्रथम वर्ष 2016 मे पास होकर निकला था। इस मोके पर मधुरिमा,लेखाकार मो. हसिन अहमद खान, प्राची वर्मा, शोभा तिवारी,नईम फातिमा, दीपक खोसला, रिंकी, रामकीर्ति, फूलवती आदि कर्मचारियो के साथ साथ बालिकाए शामिल रही।

## परीक्षा फल वितरण के दौरान स्कूली बच्चों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** एसएमएस वैध जी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11 का परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। नवीन सत्र के सभी बच्चों पर पुष्प वर्षा की गई।कक्षा 11 का रिजल्ट भी घोषित किया गया। गुरुवार को विज्ञान वर्ग में अनुष्का चौधरी, गोरवी भारद्वाज, उम्मे तासिफा, कॉमर्स वर्ग में सृष्टि औरा, प्रियंका, अवंतिका भारद्वाज आदि ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बीच प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, बाइस प्रिंसिपल आर सी शर्मा ने सभी विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया। वहीं पूरे साल में किए गए क्रियाकलाप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। विज्ञान वर्ग के प्रवक्ता नीरज गुप्ता, कॉमर्स वर्ग के प्रवक्ता दीक्षा आदि को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज व निर्देशक अभिषेक भारद्वाज ने सभी स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन कर बेहतर भविष्य की कामना की।

## मकान बनाने को लेकर दो पक्षो में हुआ विवाद

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव मसेबी रसूलपुर मैं घर बनाने को लेकर दो पक्षो में हुआ विवाद। गुरुवार को शाकिर पुत्र बाबू गुलफाम पुत्र बाबू कासिम पुत्र बाबू निवासी मसेबी रसूलपुर थाना मैनाठेर का घर बनाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमे मारपीट हुई।




# वाल्मीकि समाज का जत्था माता पूर्णागिरी यात्रा को हुआ रवाना

**बिलारी।** नगर के बाल्मीकि बस्ती से वाल्मीकि समाज के युवाओं का एक जत्था माता पूर्णागिरि धाम की भव्य यात्रा को रवाना हुआ। इस यात्रा में सैकड़ो युवा लोग शामिल रहे। सभी अपने-अपने वाहनों माता पूर्णागिरी यात्रा के लिए रवाना हुए। इससे पहले उनका भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को बिलारी की बाल्मीकि बस्ती से युवा नेता कपिल राज ने सभी श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मंगलमय यात्रा की कामना की। सभी को तिलक लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया, इस बीच ढोल नगाड़ों की धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा करके श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए रवाना किया। यात्रा में सचिन वाल्मीकि, अंकित रत्नाकर, रोहित वाल्मीकि, ऋतिक वाल्मीकि नकुल वाल्मीकि, दीपक राज वाल्मीकि आदि सहित भारी तादाद में युवा श्रद्धालु साबित हुए। इस बीच गजराम सिंह बाल्मीकि, नीरज प्रेमी, संजय वाल्मीकि, रोहित वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, अनिल बाल्मीकि, विजय नंदन वाल्मीकि, अखिलेश वाल्मीकि, सुरेश वाल्मीकि आदि ने सभी को बिलारी से यात्रा के लिए रवाना किया।



## अंबेडकर पार्क में गंदगी का लगा अंबार

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** पाकबड़ा क्षेत्र के वार्ड २ मौर्य नगर स्थित अंबेडकर पार्क में गंदगी पसरी हुई है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास गंदा पानी जमा होने से दुर्गंध उठ रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मौजूदा सभासद पती ने इस पार्क की कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की है अभी तक इसका कोई समाधान नहीं किया गया है गंदगी से स्थानीय लोगों में बीमारी को लेकर खतरा मंडरा रहा है वैसे तो सभी जगह पार्कों का सौंदर्यकरण किया जा रहा है मगर यह पार्क दलित बस्ती में होने के कारण कोई कार्य नहीं किया गया है।

पार्क में गंदा पानी जमा होने के कारण मच्छर ज्यादा से ज्यादा पैदा हो रहे हैं स्थानीय लोग परेशान है मच्छरों से पैदा हो रही बीमारी बड़ों और बच्चों में खतरा मंडरा रहा है पार्क के बराबर में रास्ते पर कूड़े का देर भी लगा हुआ है सभासद पति बंटी सिंह द्वारा बताया गया है कि अधिकारियों ने कहा है कि अंबेडकर जयंती से पहले इस पार्क मे साफ सफाई करा दी जाएगी 14 अप्रैल को अंबेडकर पार्क अंबेडकर जयंती इसी पार्क में मनाई जाती है मगर अभी तक इस पार्क साफ सफाई का कोई कार्य नहीं किया गया है।

# आईएफटीएम में 'विश्वविद्यालय स्थापना दिवस' के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'समावेश'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह "समावेश-2025" धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल एवं विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आईएफटीएम संस्थान की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी और इस संस्थान को वर्ष 2010 में विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ, तब से लेकर आज तक विश्वविद्यालय लगातार नई ऊंचाइयां स्पर्श कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में वहां काम करने वाले कर्मचारियों की वजह से होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को नैक के 'ए' ग्रेड सहित अनेक उपलब्धियों में समस्त कर्मचारियों के अथक मेहनत का परिणाम है। जिसके कारण हम निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जब यह हमारा विश्वविद्यालय राष्ट्र ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक होगा। विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विश्वविद्यालय में समस्त कर्मचारी मिलजुलकर प्रसन्नतापूर्वक काम करे। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी ही नए भारत का निर्माता है। हम जैसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं उसी अनुरूप हमें विद्यार्थियों को तैयार करना होगा, जिसमें शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के सपनों को पूरा करने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों से होती है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समावेश' में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन एक अलग अंदाज में करते हैं, जो कि अत्यंत ही सराहनीय है। मंच का सफल संचालन छात्र रजत चौधरी, शिवम सैनी एवं छात्रा इशिका गुप्ता, आमना खान एवं वैष्णवी दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश



कुमार यादव समेत सभी निदेशकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत, नृत्य व अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों को खूब सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुश्री छवि गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात प्रो. त्रिवेदी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगण, अधिकारी गण, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों समेत भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

## ट्रम्प के टैरिफ का असर

अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारत को भी अमेरिका की इस नीति का जवाब देना चाहिए। ऐस समय में भारत की विदेश नीति बहुत काम आ सकती है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि भारत ही अमेरिका से आयात करता हो, अमेरिका भी भारत से कुछ चीजों का आयात करता है। आयात और निर्यात देशों की आपसी विदेश नीति का हिस्सा है। जो किसी भी देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। टैरिफ के मामले अगर दो देश आमने-सामने हो जाएं, तो देशों के विकास में अवरोध आ सकता है। इसलिए किसी भी देश को इस पर बहुत सोच-विचारकर कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प की इस नीति से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों और शेयर बाजार में उथल-पुथल दिख सकता है। यदि ट्रम्प ने अनुमान से कम टैरिफ की घोषणा की, तो फार्मा और आईटी सहित निर्यात से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े शेयर मजबूत हो सकते हैं। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में आने वाले समय में हम उछाल देख सकते हैं। जानकारों का मानना है कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिका के टैरिफ से अधिक शुल्क लगाए हैं। इसका साफ मतलब है कि अमेरिकी टैरिफ के निशाने पर प्रमुख रूप से भारत भी है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ से देश का फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि और वस्त्र उद्योग पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। इससे अरबों का व्यापार बाधित हो सकता है। विश्लेषकों को आशंका है कि अमेरिका और अन्य देश यदि जवाबी कार्रवाई का मन बनाने लगे, तो वर्तमान हालात व्यापार युद्ध में बदल सकता है। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ लगाने से निर्यात-संचालित क्षेत्रों की गति बाधित हो सकती है। इसके साथ ही इससे प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के बीच कीमतों के मोर्चे पर एक नई प्रतिस्पर्धा भी शुरू हो सकती है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि स्पष्ट संकेत न मिलने तक निजी क्षेत्र अपने पूंजीगत व्यय से परहेज कर सकता है। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डालर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। ऐसे में अमेरिका को झींगे का निर्यात टैरिफ लागू होने के बाद प्रभावित हो सकता है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक और मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता का मानना है कि अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से भारत अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## वक्फ विधेयक समाज को बांटने की रणनीति



सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है, भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए, कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में जबरन पारित किया गया, इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है, इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है, लगता है कि कांग्रेस को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए।

**श्रीमती सोनिया गांधी**
**नेता, कांग्रेस संसदीय दल**

# घिब्ली की दुनिया बनाम हकीकत: कला रोजगार और मौलिकता का संघर्ष

**आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है, लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बना एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं, टिकटॉक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मजेदार कंटेट बनाया जा रहा है, यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है**



प्रियंका सौरभ

रोजगार हमारी ज़रूरतों के लिए आवश्यक है, लेकिन कला और मनोरंजन मानसिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इमेजरी और एआई टूल्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं, जिससे मौलिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पहले जहां कलाकारों को महीनों मेहनत करनी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही आर्ट तैयार कर देता है, जिससे असली कलाकारों को चुनौती मिल रही है।

अगर हम हकीकत की दुनिया में देखें, तो रोज़गार ज़रूरी है। बिना नौकरी या व्यवसाय के, सिर्फ घिब्ली की खूबसूरत दुनिया में खोकर पेट नहीं भरा जा सकता। लेकिन मानसिक शांति और प्रेरणा के लिए कला भी आवश्यक है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल की इमेज और वीडियो एक ट्रेंड बन चुके हैं। लोग पिनटेरेस्ट, इंस्टाग्राम और टिकटोक पर इसे देखकर टाइम पास कर रहे हैं, कुछ इसे खुद ट्राई कर रहे हैं, और एआई टूल्स की मदद से घिब्ली-स्टाइल की इमेज बना रहे हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है। लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बनी एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं। टिकटोक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मज़ेदार कंटेंट बनाया जा रहा है। कुछ एआई टूल्स अब आपकी असली फोटो को भी घिब्ली स्टाइल में बदल सकते हैं, जिससे लोग अपनी तस्वीरों को फेयरीटेल लुक दे रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है। क्या एआई जनरेटेड आर्ट असली कला की जगह ले सकती है?

एआई-जनरेटेड घिब्ली स्टाइल इमेजरी ने मौलिकता पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहले कलाक. ारों को महीनों मेहनत करके घिब्ली जैसी पेंटिंग बनानी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही कुछ तैयार कर देता है। लोग खुद से नया सोचने के बजाय रेडीमेड आर्ट पर निर्भर हो रहे हैं। असली कलाकार अब एआई-जेनरेटेड कंटेंट से मुकाबला करने को मजबूर हैं। एआई और टेम्प्लेट्स के चलते 'कुछ हटकर' करने की सोच धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अगर आर्ट को केवल एक ट्रेंड बना दिया गया, तो मौलिकता धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। इसका समाधान यह है कि लोग घिब्ली स्टाइल से प्रेरणा लेकर अपनी खुद की यूनिक कहानियां और आर्ट बनाएं, न कि बस इंटरनेट पर मौजूद चीज़ों को दोहराएं। घिब्ली की आत्मा सिर्फ उसकी खूबसूरत विज़ुअल्स में नहीं, बल्कि उसकी गहरी कहानियों और भावनात्मक जुड़ाव में है। अगर किसी को घिब्ली की दुनिया इतनी पसंद है कि वह इसमें कुछ नया जोड़ना चाहता है, तो यह एक रोजगार का साधन भी बन सकता है। उदाहरण के लिए डिजिटल आर्टिस्ट घिब्ली-स्टाइल आर्ट बनाकर पैसा कमा सकते हैं। मर्चेंडाइज़ बिज़नेस (पोस्टर, स्टिकर, कपड़े) से आय हो सकती है।

ल्वनज्नइम और सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल कंटेंट क्रिएट करना एक करियर विकल्प हो सकता है। एनिमेशन इंडस्ट्री में घिब्ली से प्रेरित होकर ओरिजिनल शॉर्ट फिल्म्स और सीरीज़ बनाई जा सकती हैं। गेम डिज़ाइन और वीएफएक्स स्टूडियो में भी घिब्ली जैसी विज़ुअल स्टाइल को अपनाकर कैरियर बनाया जा सकता है। हालांकि, केवल घिब्ली की दुनिया में खोए रहना नुकसानदायक हो सकता है। असली ज़िंदगी के काम टलते रहते हैं, और लोग प्रोडक्टिविटी खो सकते हैं। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है और अपने करियर पर ध्यान नहीं देता, तो यह एक समस्या बन सकती है। घिब्ली की दुनिया आदर्श (**Idealistic**) होती है। जहां हर चीज़ खूबसूरत, शांत और जादुई होती है। लेकिन असली दुनिया संघर्ष, तनाव और कठिनाइयों से भरी होती है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। समय की बर्बादी: लोग घंटों तक घिब्ली मूवीज़, पिनटेरेस्ट आर्ट, एआई-जनरेटेड इमेज और इंस्टाग्राम रील्स देखते रहते हैं। यह 'टाइम पास' कब 'टाइम वेस्ट' में बदल जाता है, पता भी नहीं चलता। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है, लेकिन उसे अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। कुछ लोग इस वजह से प्रेरणा और महत्वाकांक्षा (**Ambition**) भी खो सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इतना लोकप्रिय हो गया है कि कई कलाकार अपनी खुद की स्टाइल डिवेलप करने के बजाय सिर्फ घिब्ली-स्टाइल आर्ट कॉपी कर रहे हैं। घिब्ली स्टाइल एन्जॉय करें, लेकिन उसमें खो न जाएं। अगर आपको आर्ट पसंद है, तो इसे एक स्किल में बदलें, जिससे आप कमाई कर सकें।

अपने करियर और लाइफ गोल्स को इग्नोर न करें। काम ज़रूरी है, कला सिर्फ सुकून के लिए है। मौलिकता बनाए रखें। घिब्ली से प्रेरित हों, लेकिन अपनी खुद की यूनिक स्टाइल डेवलप करें। टाइम मैनेजमेंट करें। आर्ट और मनोरंजन का आनंद लें, लेकिन काम और ज़िम्मेदारियों को नज़रअंदाज़ न करें। घिब्ली का जादू खूबसूरत है, लेकिन अगर यह हमारी असली ज़िंदगी को प्रभावित करने लगे, तो नुकसान हो सकता है। बैलेंस बनाना ज़रूरी है। कला और करियर, कल्पना और हकीकत के बीच! घिब्ली-प्रेरित कला को करियर में बदला जा सकता है। डिजिटल आर्ट, मर्चेंडाइज़, यूट्यूब कंटेंट और एनिमेशन इंडस्ट्री में इसका उपयोग हो सकता है। लेकिन सिर्फ घिब्ली की दुनिया में खो जाना नुकसानदेह हो सकता है। यह समय की बर्बादी, करियर पर असर, असली दुनिया से डिस्कनेक्ट और मौलिकता की कमी ला सकता है।समाधान यह है कि घिब्ली की प्रेरणा से कुछ नया और मौलिक बनाया जाए, न कि केवल कॉपी किया जाए। कला और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि हम जीवन के दोनों पहलुओं का पूरा लाभ उठा सकें।



# अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम

**किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली, छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए, पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है**

**1 लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है, भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है**

**2 प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है, कभी कलाकारों के फन ने तो अभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है**



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक मास्टर छोटूराम आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। देश-विदेश में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है।

देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व् सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहा. सिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएं वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएं समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

# अफगानिस्तान: विकास बंदूक की नाल में नहीं है!

अफगानिस्तान तेजी से बदल रहा है। हर ओर पुनर्निर्माण और पुनर्निवेश व पुनर्वास के कार्य जारी हैं। इस बदलते अफगानिस्तान के पीछे केवल एक शब्द है 'शांति'। तालिबानियों को कभी हर बात का हल एके-47 की नाल से निकलता नजर आ रहा था लेकिन अब उनकी समझ में आ चुका है कि हर बात का हल नफरत और एके-47 से नहीं हो सकता। जिस तालिबान को लगता था कि केवल उनका ही मजहब बेहतरीन है वो अब शांति से जीना चाहते हैं। वो अपने देश को फिर से आबाद कर रहे हैं। जिन तालि. बानियों ने बामियान की बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों बौद्ध प्रतिमाओं को तोप से उड़ा दिया था उन्हें फिर से सहेजने लगे हैं।

नफरत और हिंसा से जब बहुत कुछ खत्म हो गया। लाखों लाशें गिर गईं तो फिर से याद आया कि वे गलत थे। अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है। फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है। किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है। मोहब्बत आबाद हुई। आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है। भारत लाखों स्किल्ड लेबर अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भेज रहा है क्योंकि अब भारत पुराने अफगानिस्तान की राह पर है और जिस स्किल्ड लेबर की जरूरत हमें थी वह हम अफगानिस्तान और इजरायल भेज रहे हैं। आज अफगानिस्तान पर एक रिपोर्ट पढ़ रहा था तो पिछले साल लखनऊ में लगी लंबी-लंबी कतारें आंखों के सामने आ गईं जब हजारों युवा रोटी के लिए परिवार, घर और मुल्क छोड़कर जाने के लिए तैयार दिखे। अफगानिस्तान ने बीते कुछ सालों में जबरदस्त बदलाव किए हैं और इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहायता बड़ी भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को करीब 30 बिलियन डॉलर की सहायता मिली है। जिसका उपयोग सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, सुशासन, विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च हो रहा है। जो अफगानिस्तान कभी मादक पदार्थों से पैसा कमाकर उसे विध्वंस पर खर्च करता था, वही अब अंतर्राष्ट्रीय सहायता राशि से मादक पदार्थों की तस्करी रोक रहा और भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर खर्च कर रहा है।



**अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है, फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों के शोर है, किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है मोहब्बत आबाद हुई, आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है**



पवन सिंह

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने देश की पुनर्निर्माण परियोजनाओं और गतिविधियों की स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ निगरानी के लिए एसआईजीएआर नाम की एक संस्था खड़ी की है। यह संस्था अमेरिकी सहायता से जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन पर कड़ी नजर रखी रही है। लेखापरीक्षा और जांच करना, मितव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें करना और पैसों का दुरुपयोग रोकने की दिशा में सक्रिय है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त निवेश कर रही है। वह अपने बांधों, सड़कों व कृषि पर जबरदस्त कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा सुधारने की दिशा में जबरदस्त कार्य आरंभ किया है। उसने 19 प्रांतों में 113 संगठनों के साथ भागीदारी की है। प्याज, पिस्ता, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स उत्पादन को अफगानिस्तान ने तेजी से बढ़ाया है। साथ ही खनिज निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2020-21 में तालिबानी सरकार बनने से पहले अफगानिस्तान से निर्यात 825.78 मिलियन डॉलर और आयात 509.49 मिलियन डॉलर था। वहीं भारत से अफगानिस्तान को निर्यात लगातार घटता रहा है। वर्ष, 2021-22 में यह 554.47 मिलियन डॉलर था जो कि वर्ष, 2022-23 में गिरकर 437.05 मिलियन डॉलर रह गया और वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन डॉलर तक लुढ़क गया। उधर अफगानी मुद्रा ने भारतीय रुपये को दौड़ा रखा है। हमारी मुद्रा कभी चीन, जापान और अमेरिका से टकराने की ओर बढ़ रही थी अब हमने इतनी प्रगति की है भूटान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपनी मुद्रा की तुलना करने की हैसियत में आ चुके हैं। अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को जबरदस्त मानवीय सहायता दी। अफगानी बाजार में डॉलर की कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उधर तालिबानियों को भी शांति का मतलब पता चला तो अफ़गान मुद्रा में शानदार स्थिरता आई। अफ़गान मुद्रा का अपेक्षाकृत उच्च मूल्य अफ़गानिस्तान के लंबे इतिहास और विभिन्न देशों के साथ विभिन्न कृषि उत्पादों के व्यापार की प्रतिष्ठा के कारण है, जबकि अन्य देशों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में इसकी भागीदारी सीमित है। अफ़गान अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर होने लगी, जिसका श्रेय आंशिक रूप से तालिबान के उपायों को जाता है, जैसे तस्करी के आयात पर प्रति. बंध, बैंकिंग लेनदेन पर नियंत्रण और संयुक्त राष्ट्र से सहायता। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार लौह अयस्क, संगमरमर, तांबा, सोना, जस्ता और अन्य मूल्यवान खनिजों तथा दुर्लभ-पृथ्वी खनिजों से जुड़ी खनन गतिविधियों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। वे खनन कार्यों, मीडिया, दूरसंचार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर कर लगाते हैं। इसके अलावा, वे कृषि फसलों और संचित धन पर कर लगाते हैं। ये कारक सामूहिक रूप से अफ़गानिस्तान में आर्थिक गतिशीलता में योगदान करते हैं और कुछ हद तक अफ़गानिस्तान की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी ओर, भारत हाल के वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास राजकोषीय घाटे और व्यापार असंतुलन जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। यही नहीं, भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता, हिंसा और जनता में पर्चेजिंग पावर का लगातार कमजोर होते जाना भी भयावह साबित हो रहा है। इन सभी कारकों ने भारतीय रुपये के प्रति विश्वास और मांग को कमजोर कर दिया है।

# गर्मियों में हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को कैसे रखें ठंडा

गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

### पानी और जूस पीते रहें

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

### नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

### हाइड्रेटिंग फल व सब्जियां खाएं

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

### हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े दिनभर ठंडक बनी रहे, और आप हल्का और आरामदायक महसूस करे। हल्के कपड़े पहनने से आपको गर्मी कम लगेगी।

# इजरायल ने रातभर बरसाए गाजा पर बम

## 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**देर अल-बलाह।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई।

खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिका. रियों ने कहा था कि इजरायल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके

### हमास ने हथियार डालने की मांग ठुकराई

बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इजरायल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इजरायल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को श्मोराग कारिडोरश का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

# 40 साल बाद स्पेस जाएगा कोई भारतीय

## मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन चार के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन एयरफोर्स में आफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। चार देशों के चार एस्ट्रोनाट स्पेस स्टेशन जाएंगे इनमें एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। तरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु मिशन पायलट, स्लावोज और टिबोर मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। व्हिटसन कमांडर होंगी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनाट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 राकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लान्च किया जाएगा। लान्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन करना है। यह मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को प्रोत्साहित करने और भविष्य में एक कामर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की दिशा में एक्सिओम स्पेस की योजना का हिस्सा है। के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनाट रहते हैं और माइक्रो ग्रैविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्पेस स्टेशन का पहला पीस नवम्बर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया अहम फैसला

# हंगरी ने किया आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवम्बर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है।

# ट्रम्प का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी, शेयर बाजार में भारी गिरावट

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रम्प का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डाव 1,116 अंक या 2.64 प्रतिशत तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3. 24प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबा. ला वाला नैस्डैक में शुरुआती कारोबार में 4.33प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी। यह महत्वपूर्ण गिरावट ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आने वाले लगभग सभी सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बाद आई है, जिससे यह आशंका पैदा हो गई है कि नई नीति से व्यापारिक साझेदारों में भारी नाराजगी पैदा हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। टैरिफ घोषणाओं के बाद निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्तियों में पैसा लगाया। बुधवार को सोना 3,160 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए रिकार्ड पर पहुंच गया। दूसरी ओर, ट्रेजरी यील्ड्स में भारी गिरावट आई। 10 साल की ट्रेजरी यील्ड्स अक्टूबर के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। सोना गुरुवार सुबह 3,060 डॉलर प्रति ट्राय औंस के ऊपर कारोबार करता दिखा। इसमें इस साल सोने में 19: तक की तेजी आई है। 1986 के बाद से सोने के लिए ये सबसे अच्छी तिमाही रही है।

# थाईलैंड में विश्व की सबसे यंग पीएम से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी, रामायण देखी, कहा इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा**





**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जाइंट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाक. ात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाक. ेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाईलैंड सरकार ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। बुद्ध भूमि भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे। पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पालिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलाग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच डैड, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलाजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलाजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी और थाई पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने संयुक्त कांफ्रेंस के दौरान अपनी मुलाकात की तस्वीर दिखाई। थाईलैंड के प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर जा सकते हैं पीएम मोदी गुरुवार को पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर भी जा सकते हैं। वात फो मंदिर बैंकाक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध द्धरिक्लाइनिंग बुद्धाऋ प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों का आंकड़ा 3085 पर पहुंचा



**बैंकाक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशक. ारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं।

ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हता. हतों की संख्या की रिपोर्ट आधिका. रिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

# मोदी से मिलने को बेताब हैं यूनुस



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए बेताब हैं। वह थाइलैंड में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं। दोनों नेता यहां पर बिमटेक समिट में हिस्सा लेंगे। 2018 के बाद बिमटेक सम्मेलन के नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान के हवाले से कहा कि बांग्लादेश ने बैठक का अनुरोध किया है और हमारे पास उम्मीद बनाए रखने के लिए उचित आधार हैं। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी ने भी बैठक की संभावना से इनकार नहीं किया है, अगर ये बैठक होती है, तो दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के माहौल के बीच होगी। भारत बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता व्यक्त कर चुका है। यही वजह है कि भारत बांग्लादेश को बहुत ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे महापाप के बीच यूनुस पिछले हफ्ते चीन गए थे, जहां उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, भारत के पूर्वी हिस्से, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, ये भारत के लैंडलाक्ड क्षेत्र हैं। समंदर तक उनकी पहुंच का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के लिए समंदर के अकेले संरक्षक हम हैं। इसलिए यह विशाल संभावना के द्वार खोलता है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए यह चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विस्तार हो सकता है, चीजें बनाएं, उत्पादन करें, चीजें बाजार में ले जाएं, चीजें चीन में लाएं और बाकी दुनिया तक पहुंचाएं। उनकी टिप्पणी की भारत में कड़ी आलोचना हुई। उसे शर्मनाक और भड़काऊ बताया गया। यूनुस के बयान पर रिएक्ट करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि बयान की गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने कहा, यूनुस ने अच्छी नीयत के साथ बयान दिया। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हालांकि, मोदी-यूनुस की मुलाकात की संभावना का भारत में कई लोग स्वागत नहीं कर रहे हैं।

## बदलते वैश्विक हालात में सबको अपनी चिंता खुद करनी होगी: जयशंकर

**बैंकाक।** थाईलैंड में बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया अब आत्मनिर्भरता के दौर में प्रवेश कर रही है और हर क्षेत्र को अपनी जरूरतों का खुद ख्याल रखना होगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने बताया कि अब छोटे सप्लाई चेन और करीबी पड़ोसी देशों का महत्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हम आत्मनिर्भरता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरकों, टीकों और आपदा प्रबंधन जैसी जरूरतों के लिए हर क्षेत्र को खुद पर भरोसा करना होगा। बता दें कि, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बिम्सटेक द्धबंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोगऋ की 20वीं मंत्रीस्तरीय बैठक में भाग लेने बैंकाक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे और समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि श्दुनिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।







